हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 137, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 9 नवम्बर, 2022 दिन बुधवार | गाजीपुर/वाराणसी

गुरु नानक ने दिया था मानवता और जुल्म से लड़ने का संदेश : सीएम योगी

फूलों से सजे गुरु ग्रंथ साहिब पर मुख्यमंत्री ने मत्था टेका

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को गुरु नानक जयंती पर लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से डीएवी कॉलेज मैदान में आयोजित प्रकाशोत्सव में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूलों से सजे गुरु ग्रंथ साहिब पर उन्होंने मत्था टेका और कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने उन्हें सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस कालखंड में मानवता कराह रही थी। शासक जोर और जुल्म कर रहा था। ऐसे कठिन समय में परमात्मा की एक जोत आई, जिसने सारे संसार को ईश्वर का संदेश दिया और जुल्म को मिटाने के खिलाफ खड़ा किया। आज प्यार और श्रद्धा के साथ हम भारत में गुरु नानक जयंती मना रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु नानक की जन्म स्थली ननकाना साहिब में वो खुशी अपनापन और स्वतंत्रता हमें हासिल नहीं है। हमें इतिहास को केवल पढ़ना नहीं है। उससे शिक्षा लेनी है गुरु नानक की शिक्षाओं के ऊपर चल कर मानवता की सेवा करते हुए प्रेम और शांति का संदेश देना है। जिस समय में आने जाने के साधन और सुविधाएं नहीं थी उस समय गुरु नानक ने कठिन समय में 38000 मील का सफर तय करके परमात्मा का संदेश दुनिया के हर कोने में पहुंचाया और मानवता की भलाई और सेवा का संदेश दिया।

उन्होंने जुल्म के खिलाफ खड़े होने का नैतिक बल दिया। प्रकाश उत्सव में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मैजूद थे। गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर गुरुद्वारा यहियागंज में सुबह दीवान सजाया गया। गुरुद्वारे के अध्यक्ष डा.गुरमीत सिंह ने संगतों का सम्मान किया। गुरुद्वारा आशियाना में चेयरमैन जेएस चड्ढा की ओर से चिकित्सा शिविर लगाया गया।

गुरुद्वारा आलमबाग के पास चार साहिब जादे पार्क का भी शिलान्यास किया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु नानक जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने आडम्बरों और अंधविश्वासों का प्रतिकार करके समाज को नई दिशा प्रदान की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी के सर्व-धर्म समभाव एवं सामाजिक सद्भाव के सन्देश में सम्पूर्ण मानवता का कल्याण निहित है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने आडम्बरों और अंधविश्वासों का प्रतिकार करके समाज को नई दिशा प्रदान की। लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए गुरु नानक जयन्ती के अनुष्ठान सम्पन्न करने की अपील की।

मुजफ्फरनगर के खतौली में भी पांच दिसंबर को होगा विधानसभा का उप चुनाव

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के विधायक विक्रम सिंह सैनी की विधानसभा की सदस्यता जाने के बाद अब मुजफ्फरनगर की खतौली विधानसभा की सीट को भी रिक्त घोषित किया गया है। निर्वाचन आयोग ने खतौली विधानसभा सीट के लिए भी उप चुनाव की तारीख की घोषणा कर दी है। यहां पर पांच दिसंबर को विधानसभा का उप चुनाव होगा। उत्तर प्रदेश में मैनपुरी लोकसभा तथा रामपुर विधानसभा के साथ ही साथ खतौली विधानसभा का उप चुनाव होगा। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को इसका कार्यक्रम घोषित किया है। मुजफ्फरनगर के दंगे में दोषी पाए जाने पर दो वर्ष कैद की सजा होने पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक विक्रम सिंह सैनी की विधानसभा की सदस्यता को रद किया गया। उत्तर प्रदेश विधानसभा सचिवालयल ने इसको बीती 11 अक्टूबर से रिकत घोषित किया था। निर्वाचन आयोग ने खतौली विधानसभा उप चुनाव के लिए दस नवंबर से नामांकन प्रक्रिया करने का कार्यक्रम फाइनल किया है। इस सीट पर नामांकन की अंतिम तिथि 17 नवंबर है। 18 को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 21 को नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि तय की गई है। पांच दिसंबर को मतदान होगा और परिणाम आठ को घोषित किया जाएगा।

कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब लोगों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

लखनऊ। कार्तिक पूर्णिमा पर सारे देश की तरह उत्तर प्रदेश में भी गंगा और अन्य पवित्र नदियों के घाटों पर मंगलवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में लोगों ने इस मौके पर गंगा में डुबकी लगाई और सुख-समृद्धि की कामना की। कार्तिक पूर्णिमा पर तुलसी की पूजा और गंगा स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। इस मौके पर रुहेलखंड के सुप्रसिद्ध मेला ककोड़ा में ब्रह्ममुहूर्त से गंगा स्नान का सिलसिला जारी है। अब तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

मेला ककोड़ा में बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं के अलावा एटा, कासगंज, फरुर्खाबाद, अलीगढ़, मैनपुरी आदि से आधी रात तक श्रद्धालु निजी वाहन एवं रोडवेज, प्राइवेट बसों के जरिए मेला पहुंचते रहे। मेला पहुंचे श्रद्धालुओं ने यहां आयोजित सांस्कृतिक एवं लोक कार्यक्रमों का लुफ्त उठाया। रात्रि में मेला रंगीन लाइटों से अनोखी छठा बिखेर रहा था। मुख्य दो स्नान घाट को भी सुंदर ढंग से सजाया गया था। ब्रह्ममुहूर्त से श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करना शुरू कर दिया। अब तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु गंगा स्नान और पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित कर चुके हैं। श्रद्धालु गंगा स्नान के बाद घाट किनारे बैठे जरूरतमंद लोगों के लिए दान पुण्य कर रहे हैं। स्नान के उद्देश्य से मेला गए श्रद्धालु गंगा स्नान के बाद मेला में खरीदारी कर घर वापस लौट रहे हैं।

वहीं परिवार संग रुकने के लिए पहुंचे श्रद्धालु मेला में ही डेरा डाले हुए हैं। डीएम मनोज कुमार ने बताया कि मेला ककोड़ा में ब्रह्ममुहूर्त से गंगा स्नान का सिलसिला शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। गंगा स्नान को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष आस्था देखने को मिल रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मुख्य स्नान घाट के आसपास गंगा में बेरिकेडिंग कराई गई है। किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए जगह-जगह मोटरवोट पर जल पुलिस के अलावा स्थानीय गोताखोर अपनी नाव लेकर तैनात हैं। डीएम मनोज कुमार, एसएसपी डॉ. ओपी सिंह, सीडीओ ऋषिराज समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी रात भर मेला में डेरा डाले रहे। इन्होंने मेला का भ्रमण करने के साथ ही मुख्य स्नान घाट पर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। कादरचौक से लेकर मेला तक जगह-जगह जाम की समस्या बनी हुई है। ऐसे में श्रद्धालुओं के वाहन फंस गए हैं, जिसकी वजह से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस द्वारा जाम खुलवाने का प्रयास जारी है। मिजार्पुर के कोलाघाट पुल पर हजारों लोग रेंग-रेंग कर बाइक से निकल रहे हैं। पुल के दोनों तरफ संकरा रास्ता होने की वजह से लम्बा जाम लग गया है। केवल बाइक वालों को ही आने जाने की अनुमति है। लोग गंगा घाट जा रहे हैं। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर बरेली के रामगंगा में भी मंगलवार को हजारों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई।

फांसी की सजा पाए रेप, उत्पीड़न व हत्या के 3 दोषियों को एससी ने क्यों किया रिहा, क्या थे जजों के तर्क

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने एक फैसले में 19 साल की लड़की से गैंगरेप, उत्पीड़न और कत्ल के तीन दोषियों को रिहा कर दिया। इस फैसले की कल से ही चर्चा हो रही है और सवाल उठ रहा है कि आखिर इन्हें रिहाई क्यों मिली है। पीड़िता के परिजनों ने भी कहा कि इन लोगों को कम से कम उम्रकैद की सजा तो होनी ही चाहिए थी। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान माना है कि इन लोगों के खिलाफ आरोप साबित करने में पीड़ित पक्ष के वकील और पुलिस फेल साबित हुई है। ऐसे में इन्हें संदेह का लाभ देते हुए रिहा किया गया है। बता दें कि इन लोगों को निचली अदालत और हाई कोर्ट से मौत की सजा दी गई थी। तीनों आरोपियों रवि कुमार, राहुल और विनोद को 2014 में ट्रायल ने मौत की सजा सुनाई थी। इसके बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने भी इस सजा को बरकरार रखा था। हालांकि शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान फैसला पलट दिया। चीफ जस्टिस यूयू ललित की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अभियोजन पक्ष तीनों के खिलाफ आरोप साबित करने में असफल रहा है। जजों ने कहा कि अभियोजन पक्ष की ओर से तार्किक संदेह जताया गया है, लेकिन आरोपों को साबित नहीं किया जा सका। इसके अलावा हाई कोर्ट और ट्रायल कोर्ट को लेकर भी अदालत ने कहा कि उनकी भूमिका भी निष्क्रिय अंपायर जैसी थी। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपी की पहचान तक साबित नहीं कर सका है। यह इस ट्रायल की एक बड़ी खामी रही है। बेंच ने कहा कि पूरे ट्रायल के दौरान 49 गवाहों में से 10 का क्रॉस एग्जामिनेशन भी नहीं किया गया। इस केस की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने निचली कोर्ट्स को नसीहत भी दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'अदालतों को कानून के मुताबिक मेरिट के आधार पर फैसले सुनाने चाहिए। कोर्ट को किसी भी तरह के बाहरी नैतिक दबाव में नहीं आना चाहिए।' इस बेंच में चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस रविंद्र भट और जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी भी शामिल थे।

'भारत जोड़ो यात्रा' में तिरंगा लेकर चल रहे कांग्रेस नेता का निधन, राहुल गांधी ने जताया शोक

मुंबई। कांग्रेस सेवा दल के नेता कृष्णकांत पांडे का मंगलवार को भारत जोड़ो यात्रा में हिस्सा लेने के दौरान निधन हो गया। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा इस समय महाराष्ट्र से गुजर रही है। बीती रात ही यात्रा ने महाराष्ट्र में प्रवेश किया है। पांडे कांग्रेस के सेवा दल में महासचिव के पद पर थे। कांग्रेस ने एक बयान में कहा कि पांडे मार्च के दौरान गिर गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बताया कि पांडे अपने और पार्टी के दिग्गज दिग्विजय सिंह के साथ हाथ में तिरंगा लेकर चलकर वापस चले गए थे और इसके बाद ही वे गिर गए। रमेश ने एक ट्वीट में कहा, "उन्हें एक एम्बुलेंस में अस्पताल ले जाया गया, "जहां सबसे दुख की बात है कि उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।" राज्यसभा सदस्य ने कहा, "वह एक कट्टर कांग्रेसी थे और नागपुर में आरएसएस से भिड़ते थे। भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पांडे के चाहने वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, "कांग्रेस सेवा दल के महासचिव कृष्णकांत पांडे जी का निधन पूरे कांग्रेस परिवार के लिए बहुत दुखद है। मैं उनके प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।" राहुल गांधी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक गुरुद्वारे का दौरा करने के बाद

यात्रा फिर से शुरू। यह पैदल मार्च का 62वां दिन है। वायनाड के कांग्रेस सांसद ने गुरु नानक जयंती के अवसर पर गुरुद्वारा यादगरी बाबा जोरावर सिंह जी फतेह सिंह जी के दर्शन किए। जैसे ही गांधी ने अपना मार्च फिर से शुरू किया, उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे और अशोक चव्हाण, राज्य पार्टी प्रमुख नाना पटोले और बालासाहेब थोराट, माणिकराव ठाकरे और नसीम खान जैसे अन्य नेता शामिल हुए।

गृह मंत्रालय ने कहा, कोरोना की दूसरी लहर में बढ़ी थी ऑक्सीजन और रेमडेसिविर की मांग

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्वीकार किया है कि बीते साल अप्रैल में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान मध्यम और गंभीर रोगियों के इलाज के लिए रेमडेसिविर और ऑक्सीजन जैसी जीवन रक्षक दवाओं की मांग बढ़ गई थी। गृह मंत्रालय 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना वायरस की दूसरी लहर के दौरान रोगियों के बेहतर इलाज के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से समन्वय किया गया था। मध्यम और गंभीर रोगियों के लिए मेडिकल ऑक्सीजन की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न हितधारकों से भी बातचीत हुई थी। रिपोर्ट में कहा गया, 'अप्रैल 2021 से कोरोना के मामलों की रफ्तार बढ़ रही थी। इसके चलते कोविड रोगियों के इलाज के लिए मेडिकल ऑक्सीजन, रेमडेसिविर और अन्य जीवन रक्षक दवाओं की मांग बढ़ गई थी।' गृह मंत्रालय ने बताया कि उसने आवश्यक मेडिकल ऑक्सीजन के साथ-साथ रेमडेसिविर समेत जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त और लगातार आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि मंत्रालय ने प्लांट से मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति और बिना रुकावट आवाजाही के लिए समन्वय किया। इसके अलावा औद्योगिक उद्देश्य के लिए मेडिकल ऑक्सीजन के उपयोग को प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए। रिपोर्ट में कहा गया कि गृह मंत्रालय ने स्वीकृत आवंटन योजना के अनुसार देशभर में मेडिकल ऑक्सीजन की आवाजाही की सुविधा प्रदान की। रेमडेसिविर और अन्य जरूरी दवाइयों की आपूर्ति के लिए भारतीय वायुसेना के जरिए विदेश से उच्च क्षमता वाले टैंक लाए गए। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जिला कलेक्टरों को बंद पड़े ऑक्सीजन उत्पादन प्लांट को फिर से शुरू करने की सलाह दी गई। इन प्रयासों से जिला स्तर पर ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है।

फिर मिला नोटों का पहाड़, कांग्रेस के 2 विधायकों पर छापेमारी में 'कालेधन का खजाना'

नई दिल्ली। झारखंड कांग्रेस के दो विधायकों और उनके सहयोगियों समेत कुछ कारोबारियों पर छापेमारी के बाद इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 100 करोड़ से अधिक के बेनामी लेनदेन और निवेशों का पता लगाया है। सीबीडीटी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि 4 नवंबर को झारखंड के रांची, गोड्डा, बेरमो, दुमका, जमशेदपुर, चाईबासा, बिहार के पटना, हरियाणा के गुरुग्राम, पश्चिम बंगाल के कोलकाता समेत 50 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। इनकम टैक्स के अधिकारियों ने छापे के दौरान 2 करोड़ रुपए की नकदी भी बरामद की, जिन्हें गिनने के लिए मशीनों का सहारा लिया गया। इनकम टैक्स ने कांग्रेस के दो विधायकों के ठिकानों पर तलाशी ली थी, जिनकी पहचान अधिकारियों ने कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह और प्रदीप यादव के रूप में बताया। बेरमो सीट से विधायक जयमंगल ने भी रांची में आवास के बाहर मीडिया से बात करते हुए ऐक्शन की पुष्टि की और कहा कि वह जांच में सहयोग कर रहे हैं। जेवीएम-पी से अलग होकर प्रदीप यादव कांग्रेस में शामिल हुए थे। कांग्रेस अभी जेएमएम के साथ सत्ताधारी गठबंधन का हिस्सा है, जिसकी अगुआई हेमंत सोरेन कर रहे हैं। सीबीडीटी ने बयान में कहा है कि यह ऐक्शन कुछ कारोबारी

समूहों के खिलाफ लिया गया था जो लौह अयस्क के खनन, लोहे के उत्पादन, कोयले के व्यापार, ढुलाई और ठेकेदारी से जुड़े हुए हैं। सीबीडीटी ने कहा कि जिन लोगों के ठिकानों पर तलाशी ली गई उनमें दो राजनीति से संबंधित और उनके सहयोगी हैं। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (सीबीडीटी) इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के लिए नीति बनाने वाली संस्था है।

आजम खां परिवार की मुश्किलें और बढ़ीं, विधायक बेटे अब्दुल्ला आजम से होगी 66 लाख रुपये की रिकवरी

रामपुर। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सपा नेता आजम खां के परिवार की मुसीबतें और बढ़ गई हैं। आजम के विधायक बेटे से अब 66 लाख रुपये की वसूली की जाएगी। उन्होंने यह धनराशि 14 मार्च 2017 से 16 दिसंबर 2019 तक विधायक रहते वेतन और भत्तों के रूप में ली थी। भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने सरकार से अब्दुल्ला के द्वारा ली गई धनराशि को वापस लेने की मांग की थी। तब विधानसभा के लेखाधिकारी ने नोटिस जारी करके धनराशि जमा करने के लिए कहा था। लेकिन, अब्दुल्ला आजम सुप्रीम कोर्ट चले गए थे। अपनी विधायकी को रद करने वाले हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी है। अब भाजपा नेता ने फिर से धनराशि वापस लेने की मांग की है। आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम 2017 में स्वार सीट से विधायक का चुनाव लड़े थे। उन पर कम उम्र में चुनाव लड़ने का आरोप लगाते हुए पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। दिसंबर 2019 में हाईकोर्ट ने उनकी विधायकी रद कर दी। इस फैसले के विरोध में वह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। तब से ही मामला लंबित था। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी। इस फैसले से आजम खां की मुश्किलें और बढ़ गई हैं, क्योंकि अब्दुल्ला के जन्म प्रमाण पत्र को लेकर पुलिस में भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसका मुकदमा स्पेशल एमपी एमएलए

कोर्ट में चल रहा है। इस मामले में आजम खां, अब्दुल्ला आजम, उनकी पत्नी पूर्व सांसद डाक्टर तजीन फात्मा और अब्दुल्ला भी नामजद हैं। इसमें अधिकतर गवाही भी हो चुकी हैं और शीघ्र ही फैसला आने की उम्मीद है। साल 2017 में अब्दुल्ला के मुकाबले नवेद मियां चुनाव लड़े थे। उन्होंने नामांकन के दौरान भी अब्दुल्ला की उम्र कम बताते हुए आपत्ति लगाई थी, लेकिन तब निर्वाचन अधिकारी ने आपत्ति खारिज कर दी थी और अब्दुल्ला का नामांकन सही ठहराया था। उस वक्त नवेद मियां के पास ऐसा कोई सुबूत नहीं था, जिससे उनकी उम्र कम दर्शाई गई हो। बाद में उन्होंने अब्दुल्ला के हाईस्कूल का प्रमाण पत्र की प्रति प्राप्त कर ली, जिसमें उनकी जन्म तिथि एक जनवरी 1993 में है। इस हिसाब से 2017 में नामांकन के दौरान उनकी उम्र 25 साल नहीं थी। 11 माह कम थी। बाद में अब्दुल्ला की ओर से दूसरा जन्म प्रमाण पत्र सामने लाया गया, जिसमें उनकी जन्म तिथि 30 सितंबर 1990 है, लेकिन हाईकोर्ट ने इसे सही नहीं माना और विधायकी रद्द कर दी थी। दो जन्म प्रमाण पत्र को लेकर भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने मुकदमा भी दर्ज करा दिया था। उनके अधिवक्ता संदीप सक्सेना का कहना है कि अब्दुल्ला आजम के जन्म प्रमाण पत्र को फर्जी मानते हुए हाईकोर्ट ने विधायकी रद्द की थी और अब सुप्रीम कोर्ट ने भी उस फैसले को सही माना है। इसका असर जन्म प्रमाण पत्र के मुकदमे पर भी पड़ेगा। हम कोर्ट में इन तथ्यों को भी पेश करेंगे।

'अगले हफ्ते बड़ी घोषणा करूंगा', US में मध्यावधि चुनाव के बीच ट्रंप का ऐलान

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह अगले सप्ताह एक "बहुत बड़ी घोषणा" करेंगे। मंगलवार को अमेरिका में मध्यावधि चुनाव से पहले डोनाल्ड ट्रंप का यह ऐलान काफी अहम माना जा रहा है। बताया यह भी जा रहा है कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप 2024 में व्हाइट हाउस की दौड़ में कूद सकते हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, जिन्होंने 2020 में अपनी हार को कभी स्वीकार नहीं किया, ने महीनों तक यह संकेत दिया था कि वे फिर से अमेरिकी राष्ट्रपति की दौड़ में उतरने के लिए तैयार हैं। अमेरिका में मध्यावधि चुनावों की पूर्व संध्या पर लोगों को संबोधित करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, बहुत ही महत्वपूर्ण, इतना महत्वपूर्ण कि इसे अमेरिका में मध्यावधि चुनाव से भी अलग नहीं किया जाना चाहिए। मैं मंगलवार 15 नवंबर को फ्लोरिडा के पाम बीच में मार-ए-लागो में एक बहुत बड़ी घोषणा करने जा रहा हूं।

गौरतलब है कि मंगलवार को अमेरिका में हो रहे मध्यावधि चुनाव ये तय करेगा कि कांग्रेस में किसका वर्चस्व होगा। हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव की सभी 435 सीटों के लिए चुनाव होंगे। वहीं सीनेट की 35 सीटों पर जोर-आजमाइश होगी।

संपादकीय

दुनियां का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार

गुजरात में 27 साल से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। पिछले 21 सालों से मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में गुजरात सरकार काम कर रही है। मोदी जी की अपनी एक ईमानदार छवि है। ना तो उनका परिवार है, अपने साथ परिवार के किसी भी सदस्य को नहीं रखते हैं। भ्रष्टाचार करेंगे, तो किसके लिए करेंगे। पिछले 20 सालों से पूरे गुजरात में यही छवि मोदीजी की गुजरात में और देश में बनी हुई है। उसके बाद भी गुजरात में कारपोरेट भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है। गुजरात की जनता यह मानती है, कि उसे हर काम के लिए अलग से पैसे देने पड़ेंगे। गुजरात की जनता पैसे देती भी है। क्योंकि उसने जीवन का इसे आवश्यक लेनदेन मान लिया है। हाल ही में गुजरात के मोरबी ब्रिज की मरम्मत के लिए ओरेवा कंपनी को 2 करोड रुपए दिए गए। ओरेवा कंपनी ने 12 लाख रुपए में यह ठेका देव प्रकाश सलूशन फर्म को दे दिया। सब ठेकेदार ने 6 महीने में पुल में पेंट करके उसे नया बना दिया। 1 करोड़ 88 लाख रुपए का बंटवारा ओरेवा कंपनी के पास बच गए। इस पैसे का बंटवारा निश्चित रूप से हुआ होगा। कंपनी ने ठेका देने वाले और ठेका दिलाने वालों को भी उपकृत किया होगा। इस घटना से समझा जा सकता है, कि गुजरात में किस तरह से भ्रष्टाचार की गंगोत्री बह रही है। इसी भ्रष्टाचार की गंगोत्री को बचाने के लिए पूरी सरकार जुटी हुई है। मुख्य ठेकेदार ओरेवा ग्रुप के अध्यक्ष जयसुख पटेल को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। यदि वह फस गए, तो भ्रष्टाचार यह सारा खेल उजागर हो जाएगा। मोरबी पुल टूटने से 140 लोगों की मौत होने की पुष्टि हो चुकी है। अभी भी कई लोग लापता हैं। इतना बड़ा पाप था, कि अधिकारियों ने अपने स्तर पर जांच अधिकारियों ने पुल के मरम्मत के ठेके की जांच में संबंधित जो कागज बरामद किए हैं। जप्त कागजात में जो जानकारी प्राप्त हुई है। उसके अनुसार सब कांटेक्टर को 12 लाख में ठेका मिला उसने भी इस ठेके में कुछ कमाई की होगी। सरकारी ठेकों में इतना बड़ा भ्रष्टाचार और गड़बड़ी शायद ही भारत में कहीं होती हो। ब्रिज शुरू करने के पहले पूर्व ग्रुप के अध्यक्ष जयसुख पटेल अपने परिवार के साथ पुल को देखने पहुंचे। पूरे परिवार ने अपनी जान जोखिम में डाली। जब उन्हें कुछ नहीं हुआ तो, पब्लिक के लिए सुरक्षित मान लिया गया। 17 रुपए में टिकट बेची। 1 सप्ताह के अंदर हजारों लोगों को पुल पर चढ़ा कर लाखों रुपए कंपनी ने कमा लिए। मोरवी की घटना मोरबी में हुए भ्रष्टाचार और कमाई के मामले में किस हद तक जाकर जोखिम ले लेते हैं। यह इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, कि हमसे ईमानदार भारत में कोई दूसरा नहीं है। उनके कार्यकाल में इस तरह के भ्रष्टाचार की कल्पना कर पाना भी किसी के लिए संभव नहीं है। भ्रष्टाचार के इस मामले में केन्द्र और गुजरात सरकार की चुप्पी सभी को खल रही है। ईडी और सीबीआई जैसी संस्था कहाँ है। इसको लेकर आम जनता के बीच उक्त जॉच एजेंसियों की निश्पक्षता पर चर्चा होने लगी है। मोरबी पुल दुर्घटना में जो 140 लोग मरे हैं। वह आम लोग थे। आम और खास के लिए सरकार की प्राथमिकता भी शायद अलग - अलग होती है।

समतामूलक समाज के उन्नायक गुरूनानक देव

सिख धर्म के संस्थापक आदि गुरु नानक देव जी मानवीय कल्याण के प्रबल पक्षधर थे जिन्होंने समकालीन सामाजिक राजनीतिक और धार्मिक परिस्थितियों की विसंगतियों विडंबनाओं, विषमताओं, धार्मिक आडंबरों,कर्मकांडों अंधविश्वासों तथा जातीय अहंकार के विरुद्ध लोक चेतना जागृत की और इसके साथ ही तत्कालीन लोदी और मुगल शासकों के बलपूर्वक मतांतरण तथा बर्बर अत्याचारों के विरुद्ध प्रखर राष्ट्र वाद का निर्भीकतापूर्वक क्रांतिकारी शंखनाद किया। उन्होंने विभिन्न उपमाओं, रूपकों ,प्रतीकों और संज्ञाओं से परिपूर्ण अमृतवाणी से एक ओंकार सतनाम, आध्यात्मिक पवित्रता ,सामाजिक समरसता, साम्प्रदायिक सद्भाव, कौमी एकत,बंधुता लैंगिक समानता ,नारी सम्मान के साथ ही भेदभाव रहित समतामूलक समाज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त कर अपने स्वतंत्र दृष्टिकोण से हिंदू धर्म को संगठित संघर्ष प्रदान किया। गुरु नानक देव जी का जन्म 1469 में लाहौर के पास तलवंडी नामक स्थान में जो अब ननकाना साहिब के नाम से प्रसिद्ध है, हुआ था। इनके पिता पटवारी कालू मेहता और माता का नाम तृप्ता देवी था। वह बचपन से ही ईश्वरीय प्रतिभा से संपन्न दिव्यात्मा थे जो ध्यान, भजन, चिंतन, सत्य, अहिंसा, संयम और आध्यात्मिक विषयों में ही अधिक रूचि लेते थे। उनके जीवन की अनेक अलौकिक, असाधारण और चमत्कारिक घटनाएं हैं जो उनकी कर्म, भक्ति और ज्ञान साधना की महानता तथा अनासक्त भाव को प्रकाशित करती हैं। पाठशाला में वे शब्द के साधक बन अपने समय से बहुत आगे भविष्य को पढ़ रहे थे। परा विद्या से अक्षरों की वर्णमाला में उन्हें परमात्मा की एकता और उनके स्वरूप का रहस्य दिखाई देता था। उनकी आध्यात्मिक ऊंचाई को देख उनके गुरु और मुल्ला गुरु भी शिष्य बन गए। यज्ञोपवित संस्कार के समय वे कहते हैं की 'जनेऊ के लिए दया का कपास हो, उस दया रूपी कपास से संतोष रूपी सूत काता गया हो,साधना की गांठ हो। जैसे कर्म योगी कृष्ण ने गीता में उद्घाटित किया कि आत्मा को आग जला नहीं सकता, जल गला नहीं सकता, पवन उड़ा नहीं सकता उसी प्रकार जनेऊ ऐसा हो जो न कभी टूटे न कभी मैला हो और न कभी नष्ट हो। जिसने इस रहस्य को समझ लिया वही इस संसार में धन्य है। चरवाहे का कार्य करते समय वृक्ष के नीचे सो जाते हैं तब वृक्ष की छाया सूर्य से निरपेक्ष हो जाती है। नानक जी का मन बच्चों के साथ खेलने कूदने में नहीं लगता साधु संतों की संगति अच्छी लगती है। पिता कालू मेहता नानक के स्वास्थ्य की चिंता से वैद्य को बुलाते हैं। नानक जी वैद्य से कहते हैं कि मेरे शरीर में कोई विकार नहीं है। मेरा दर्द उस परमात्मा से न मिल पाने यानी वियोग से पैदा हुआ दर्द है। यदि इसकी कोई औषधि तुम्हारे पास हो तो ले आओ।

पिता नानक जी को सच्चा सौदा करने के लिए कम कीमत पर वस्तुएं खरीद कर अधिक कीमत पर बेचने के लिए कहते हैं किंतु नानक पिता के दिए पैसों से भूखे प्यासे साधु संतो को रसद खरीद कर दे देते हैं। उनकी दृष्टि में भूखे को अन्न देना ही सच्चा सौदा है। सुल्तानपुर लोदी में नौकरी करते हुए वह घर जोड़ने की माया से विमुख सारी तनख्वाह गरीबों और जरूरतमंदों को बांट देते हैं। उनके मन में नकार बिल्कुल नहीं है इसलिए वे विवाह के लिए हां करते हैं क्योंकि इसके लिए सामाजिक उत्तरदायित्व से पलायन न करते हुए गृहस्थ आश्रम में रहकर भी सच्चा धार्मिक और आध्यात्मिक जीवन जिया जा सकता है। वे साधु होकर भी जन समाज में ही रहे उनके सुख-दुख में भाग लेकर उनसा ही जीवन व्यतीत करते रहे। मोदी खाने में एक दिन आटा तोलते समय तेरा तेरा अर्थात ईश्वर का करते हुए सारा आटा ही तोल दिया। नानक जी नदी में स्नान करने जाते हैं तो 3 दिन बाद एकाएक प्रकट होकर कहते हैं कि "न कोई हिंदू है ना कोई मुसलमान। मैं इंसान और इंसान के बीच कोई फर्क नहीं मानता। ईश्वर मनुष्य की पहचान उसके अच्छे गुणों से करता है न कि उसके हिंदू या मुसलमान होने के कारण।"

एक काजी ने नानक को मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ने के लिए आदेश दिया नानक मस्जिद में गए जरूर लेकिन नमाज नहीं पढ़ी। शासक दौलत खान ने नमाज न पढ़ने के लिए नानक से पूछा तो नानक ने कहा कि मैं नमाज किसके साथ पढ़ता। आप भी तो नमाज नहीं पढ़ रहे थे आपका तो ध्यान तो कंधार में घोड़े खरीदने में था ।वही काजी इस चिंता में डूबे हुए थे कि कहीं घोड़ी का नवजात शिशु आंगन के कुएं में न गिर जाए। पांच वक्त की नमाज के बारे में पूछने पर नानक जी कहते हैं कि "उसकी पहली नमाज सच्चाई है, ईमानदारी की कमाई दूसरी नमाज है, खुदा की बंदगी तीसरी नमाज है, मन को पवित्र रखना उसकी चौथी नमाज है और सारे संसार का भला चाहना उसकी पांचवी नमाज है ।जो ऐसी नमाज पढ़ता है वही सच्चा मुसलमान है।" नानक की दृष्टि में किसी भी प्रकार की सामर्थ्य शक्ति या क्षमता प्राप्त कर-के एकांत में जा बैठना और उसका उपयोग समाज हित के लिए न करना कर्तव्य से विमुख होना है अपने दायित्वों से पलायन करना है। गुरु नानक जी ने लगभग 15 वर्षों तक भारत की चारों दिशाओं के प्रमुख स्थानों की यात्रा की ।अंत में अफगानिस्तान ईरान इराक अरब तक ले गए। इस दौरान उनकी अनुभूति की गहनता और अधिक प्रखर हुई। वे जीवन पर्यंत पांच प्रार्थनाओं सत्य,यथार्थ, ईश्वर के नाम पर दया, सद्विचार तथा ईश्वर की स्थिति और गुणगान के लिए समर्पित रहे। गुरु नानक जी कहते थे कि ऊंच-नीच और भेदभाव की अमानवीय प्रथा को समाप्त करना होगा उन्होंने सदैव इस बात पर बल दिया कि हम सब मिल जुल कर रहें की शिकायत ना करें और जरूरतमंदों की हर संभव मदद करें ईमानदारी से परिश्रम कर अपनी आजीविका कमाई मिल बांट कर खाएं और मयार्दा पूर्वक ईश्वर का नाम जपते हुए आत्म नियंत्रण रखें किसी भी तरह के लोग अथवा लालच को त्याग कर परिश्रम और न्याय उचित तरीके से कर्मठता पूर्वक धन कमाए।

उन्होंने सामाजिक सद्भाव और एकता के लिए एक ही धर्मशाला में एकत्रित होकर सामूहिक लंगर ,सामूहिक आराधना और सामुदायिक जीवन के आधार पर छुआछूत और अस्पृश्यता के विरुद्ध व्यापक चेतना जागृत की। वे लंगर में तब तक भोजन नहीं ग्रहण करते थे जब तक भोजन बनाने वाले और आंगन में झाड़ू लगाने वाले उनके साथ पंगत में आकर नहीं बैठ जाते थे। दीन दुखियों पीड़ितों निर्बलो उपेक्षितों और ठुकराए हुए जनों के उद्धारक नानक ने अछूत लालू की मेहनत की कमाई की रोटी से दूध और मलिक भागो के पकवान से जो झूठ फरेब घूस और बेईमानी से बना था, खून टपका कर कहा कि वह व्यक्ति ऊंचा है जो अपनी मेहनत की कमाई खाता है और उसी में से कुछ गरीबों को दान करता है। उनका विश्वास है कि गुरु कृपा से ईश्वर को अपने अंतस में प्रतिष्ठित करें तभी ईश्वर दर्शन संभव है। यह संसार जो ईश्वर का ही मंदिर है जो गुरु के बिना अंधकारमय है। नानक की दृष्टि में सृष्टिकर्ता एक है परंतु उनके रूप अनेक हैं वे आदि अनादि मृत्यु और पुनर्जन्म से मुक्त है। स्वयं की कोई इच्छा न रखते हुए ईश्वर की इच्छा के अनुरूप आचरण करना ही उस परम सत्ता को प्राप्त कर लेने का एकमात्र विकल्प है। सुख-दुख में फंसा हुआ इंसान संसार का संपूर्ण वैभव समर्पित करने के बाद भी कोई सुख या आनंद नहीं खरीद सकता क्योंकि सृष्टि के सभी पदार्थों का प्रकटीकरण ईश्वर की इच्छा का ही अस्तित्व है। वह सृष्टि का रचनाकार और संहारक भी हैं जीवन देने वाला और जीवन लेने वाला भी है। ईश्वर की उदारता असीम, दया करुणा अप्रतिम और आज्ञा अनुपमेय है। उनकी अनुकंपा के बिना मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती। वे ईश्वरीय प्रतिभा से संपन्न दिव्यात्मा थे जिन्होंने मानव मात्र में ईश्वर का वास माना। उनकी कथनी करनी में अन्तर नहीं था। वह जो कहते थे उसे अपने आचरण में उतारते भी थे। वह सभी धर्मों व समाज के सभी लोगों को समान भाव से देखते थे।

गुरूनानक देव जी ने सदैव इस बात पर बल दिया कि हम सब मिलजुल कर रहें, किसी का अहित न करें और जरूरतमंदों की हर संभव मदद करें। ईमानदारी से परिश्रम कर अपनी अजीविका कमायें, मिल-बांटकर खाए और मयार्दापूर्वक ईश्वर का नाम जपते हुए आत्मनियंत्रण रखें। किसी भी तरह के लोभ अथवा लालच को त्यागकर परिश्रम और न्यायोचित तरीके से कर्मठतापूर्वक धन कमायें। उन्होंने सही विश्वास, सही आराधना और सही आचरण की शिक्षा दी। हमारे प्रेरणापुंज गुरु नानक जी ने उस निराकार अनंत प्रभु की जय जयकार करते हुए यही प्रार्थना की कि वे भ्रमर की तरह प्रभु के चरण कमलों पर मधु की अभिलाषा से मंडराते रहे।वे प्रभु की महानता का वर्णन करने में असमर्थ है। उनकी दृष्टि में शब्द गुरु और आत्मा शिष्य है ।यही जीवन का सौंदर्य है। शब्द के बिना अंधविश्वास और पाखंड नष्ट नहीं होता और न ही अहंकार से मुक्ति मिलती है।

अपनी ही पार्टी के नेताओं के अरमानों पर बुलडोजर चला दिया हाई कमान ने...

हर माँ बाप का एक ही अरमान रहता है कि उसकी औलाद उससे भी ज्यादा सफल हो जाए' डाक्टर का बेटा डाक्टर बन जाता है, वकील अपने बेटे को वकालत में भेज देता है, व्यापारी अपनी औलादों को बचपन से ही व्यापार के गुना भाग सिखाने लगता है, ठेकेदार का बेटा ठेकेदारी सीख लेता है, यानि हर माँ और बाप अपने बेटे, बेटियों को उसी रास्ते पर ले जाना चाहते हैं जिस रास्ते पर वो चले थे' अब बचता है नेता तो उसके भी सपने रहते हैं कि उसका बेटा, बेटी, भाई, भतीजा बहू राजनीति में आएं ,बचपन से वो उनको राजनीति के दांव पेंच समझाने और सिखलाने ने में लग जाता है कि कैसे मतदाता से झूठे वादे किया जाते हैं, कैसे चुनाव के वक्त उनके चरण छुए जाते हैं और चुनाव जीतने के बाद कैसी उन्हें भुलाया जाता है, कैसे जनता के सामने वादों की टोकरी रख दी जाई है और जीतने के बाद कौन सी टोकरी जैसी बात करी जाती हैं' बचपन से लेकर जवानी तक ये नेता अपने औलादों को इसी बात कि ट्रेनिंग देते हैं और उनका एक ही अरमान रहता है कि जैसे वे मतदाताओं और जनता को बेबकूफ बनाते रहे हैं उनकी औलादें भी सीख ले और नेतागिरी करते हुए विधायक, मंत्री बन जाए और क्यों न सोचें राजनीती जैसा आनंद और किस पेशे में है' एक बार विधायक बन जाओ, मंत्री पद पा लो देखो कैसी जय जय कार होती है जिस रियाया के सामने आप चुनाव के वक्त हाथ पैर जोड़ते थे वो ही जनता अब आपके दरबार में हाथ बांधे खड़ी दिखाई देती है' अपने मध्यप्रदेश के बड़े नेता यही सपना पाले हुए थे कि उनके उत्तराधिकारी उनके बेटे, बेटी, बहू भाई भतीजा बनेंगे ,वैसे तो राजनीती में रिटायर मेन्ट की कोई उम्र नहीं होती लेकिन फिर भी यदि पार्टी ने जबरिया रिटायर कर ही दिया तो कम से कम बेटा, बेटी, बहू, भाई भतीजा तो पावर में बना रहेगा , लेकिन बीजपी ने अपनी ही पार्टी के तमाम नेताओ के अरमानो को बुलडोजर से कुचल कर घोषणा कर दी की किसी भी नेता के बेटे बेटी या रिश्तेदार को चुनाव में टिकिट नहीं दी आएगी और ये भी कहा गया कि पार्टी कांग्रेस के परिवार वाद के खिलाफ जंग छेड़े हुए है इसलिए यदि उसने भी औलादों को टिकिट दे दी तो कांग्रेस उनकी "लाई लूट" लेगी अब जब पार्टी ने यह कह दिया तो किसकी हिम्मत है कि वो पार्टी हाईकमान के निर्णय के खिलाफ अपनी जुबान खोल सके, मन ही मन कसमसाते हैं , आँखों से आंसुओं की धार बह रही है, दांत मिसमिसा रहे हैं दिमाग उमड़ घुमड़ रहा है, मन में आ रहा है कि पार्टी छोड़कर किसी दूसरी पार्टी कि गोद में में जा बैठें लेकिन फिर ये भी डर है कि क्या पता जीत पाए या नहीं , अभी तो बीजेपी का भाग्य खिलखिला रहा है इसलिए पार्टी को भी तिलांजलि नहीं दे सकते' अपनी तो इन तमाम नेताओ को एक ही सलाह है कि "दिल के अरमा आंसुओं में बह गए" गाना गुनगुनाते हुए अपनी अपनी औलादों की बुलाओ और बोलो बेटा अब टाइम वेस्ट करने से कोई फायदा नहीं है, किसी "कॉम्पटेटिव एक्जाम " की तैयारी करो और सरकारी नौकरी पाने की कोशिश करो , उसमें थोड़ा बहुत जुगाड़ तो तुम्हारा बाप लगा ही देगा, अब विधायक और मंत्री बनने के सपनों को भूल जाओ नौकरी नहीं कर पाओगे तो कोई छोटा मोटा धँधा ही देख लो इसी में तम्हारा फ्यूचर है'

पार्टी के लोग ही हराते हैं मैडम जी- कांग्रेस की सरकार को धराशयी कर बीजेपी की सरकार बनाने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया गुट की एक नेता है "इमारती देवी" कई बार अपने बयानों को लेकर विवादों में भी फंस चुकी है कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आ गई और चुनाव लड़ा तो हार गई, इस बात का मलाल उन्हें है सो एक दिन पंहुच गयी पांडेखार के महंत जी के पास और पूछा "महाराज जी मैंने तो चुनाव लड़ने में इतनी मेहनत की थी फिर भी मैं चुनाव क्यों हार गयी आखिर किसने मुझे हरवा दिया आप तो त्रिकाल दर्शी है इसलिए बतला दो" महंत जी ने कह दिया तुम्हारी पार्टी के ही एक व्यक्ति ने तुम्हें हरवा दिया है लेकिन महंत जी ने उसके नाम का खुसलास नहीं किया' ये बात इमरती देवी किसी आम आदमी से भी कर लेती तो वो भी बतला देता कि आपकी ही पार्टी के लोगों ने आप को हरवा दिया और क्यों न हरवाते, जिंदगी भर पार्टी की सेवा करते रहे, दरी फट्टा उठाते रहे लेकिन जब टिकिट लेने का मौका आया तो दूसरी पार्टी से आई आपको टिकिट दे दिया, अब उनने भी जिंदगी भर राजनीति में रहकर घास तो छीली नहीं है जो इतनी जल्दी हार मान लेते तो उनने भी पूरी ताकत लगा दी आपको हरवाने के लिए, वैसे भी पार्टी के ही लोग पार्टी को हरवाते हैं जिस को टिकिट नहीं मिली वो टिकिट पाने वाले की अंदर ही अंद जड़ें खोदने में लग जाता है और जब जड़ खुद जाती हैं तो पेड़ अपने आप गिर जाता है' इमरती देवी जी अब आपका काम है कि उसको ढूंढो जिसने आपको हरवा दिया लेकिन कोई एक हो तो आप ढूंढ भी लोगी यंहा तो सैकड़ों ऐसे जले भुने कार्यकर्ता और नेता है जिनका अधिकार आपने छीन लिया था तो उन्होंने आपकी विधायकी और मंत्री पद छीन लिया।

ताकि रिसीव करने वाला डर ना जाए- अक्सर अपन ट्रेन में यात्रा करते वक्त देखते है कि जब ट्रैन शुरू होती है तो उसमें यात्रा करने वाली महिलाओं की खूबसूरती देखते ही बनती है, बेहतरीन सज संवर कर यात्रा करने के लिए ट्रेन में बैठती है लेकिन जब दूसरे दिन अपने गंतव्य पर पंहुच कर ट्रैन से उतरती है तो उन्हें कोई पहचान ही नहीं पाता कि ये वही महिला है। कारण सिर्फ इतना रहता है कि यात्रा के दौरान उनका पूरा मेकअप निकल जाता है' बाल बिखर जाते हैं , आखें सूज जाती हैं, कपडे सिकुड़ जाते हैं काजल फैल जाता है, चेहरे का नूर गायब हो जाता है इसलिए अब रेलवे ने इन महिलाओ को एक खुशखबरी दी है रेलवे ने कुछ चुनिंदा ट्रेनों में "मेकअप का सामान" सप्लाई करने का निर्णय ले लिया है कुल ग्यारह रेलगाड़ियां हैं जिनमें आर्डर करने पर ट्रेन के कम्पार्टमेंट में ही मेकअप की सामग्री पंहुचा दी जाएगी ताकि वे जब अपने गंतव्य पर ट्रेन से उतरें तो उन्हें रिसीव करने आने वाला उनको देखकर डर न जाए' रेलवे डिपार्टमेंट को इसके लिए धन्यवाद देना चाहिए कि देश में कोई तो डिपार्टमेन्ट ऐसा है जिसे महिलाओ की चिंता है अब यात्रा करने वाली महिलाओं को भी अपना मेकअप मिट जाने कि चिंता नहीं करनी चाहिए' रास्ते भर मेकअप करती रहो कौन है टोकने और रोकने वाला है।धन्य हो रेलवे डिपार्टमेनेट, आपको सौ सौ बार नमन।

श्री सेवा संस्था ने दिव्यांग खिलाड़ियों को किया सम्मानित, बढ़ाया मनोबल

प्रखर चंदौली। पीडीडीयू नगर बिहार के जहानाबाद में हुए सद्भावना कप जीतने पर उत्तर प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट टीम के स्थानीय पांच खिलाड़ियों को सोमवार को पीडीडीयू नगर में श्री सेवा सामाजिक संस्था ने स्वागत व सम्मान किया। और उनके मंगलमय भविष्य की शुभकामना की।इस दौरान संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सतीश जिंदल ने बताया कि सद्भावना कप 2022 5-6 नवंबर जहानाबाद बिहार में आयोजित किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट टीम व बिहार दिव्यांग क्रिकेट टीम के बीच जहानाबाद लखावर स्टेडियम में 3 ट्वेंटी मैच खेला गया जिसमें उत्तर प्रदेश की टीम 3-0 से बिहार को पराजित कियाकजिस के उपलक्ष में इन प्रतिभावान खिलाड़ियों को हमारी संस्था द्वारा आज स्वागत और सम्मान किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष डॉक्टर ओपी सिंह ने कहा कि यह जनपद और संस्था के लिए गौरव की बात है कि हमारे 5 प्रतिभावान खिलाड़ी उत्तर प्रदेश के दिव्यांग क्रिकेट टीम में चयनित हुए हैं इन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा बिहार में मनवा कर सद्भावना का पद जीतने का कार्य किया है इन्हें हार्दिक बधाई और ढेर सारा आभार। संस्था के द्वितीय उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी ने कहा कि ऐसे होनहार खिलाड़ियों को हमारी संस्था समय-समय पर उत्साहवर्धन करती रहेगी। बताया कि बिहार दिव्यांग क्रिकेट टीम को तीन जीरो से हराकर धूल चटाने का कार्य किया। उत्तर प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट टीम के कप्तान चंदन कुमार सिंह निवासी बरठा चंदौली के नेतृत्व में टीम शानदार प्रदर्शन किया! जिसमें जनपद चंदौली के चार खिलाड़ी और शामिल रहे विजय कुमार सिंह भिखारीपुर, सुजीत केसरी जगदीशसराय, वसीम खान नई बस्ती, व अमित यादव चहनिया इन सभी खिलाड़ियों द्वारा टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका रही जनपद सहित उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया गया।इस अवसर पर संस्था के मंत्री आलोक सिंह,अशोक कानूड़िया, डॉ मनोज सिंह , राजेश सेठ, संजय शर्मा, नारायण सिंह यादव राकेश मौर्या, आदर्श श्रीवास्तव ,सुमित विश्वकर्मा,बासुदेव यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

फरार चल रहे दो गैंगेस्टर की कार व बाइक जब्त

प्रखर गोरखपुर । जनपद के राजघाट थानाक्षेत्र बर्फखाना निवासी अमित कुमार मझवार, चिलुआताल थानाक्षेत्र के मोहरीपुर निवासी शक्ति सिंह चौहान के खिलाफ पीपीगंज और कैम्पियरगंज पुलिस ने गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर रिपोर्ट डीएम को प्रेषित की थी। जिसके बाद डीएम के निर्देश पर रविवार की शाम को तहसीलदार कैम्पियरगंज राकेश कन्नौजिया, सीओ कैम्पियरगंज योगेंद्र सिंह,पीपीगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर चौबे के नेतृत्व में अभियुक्त अमित कुमार मझवार की कार जिसकी अनुमानित मूल्य चार लाख पैंसठ हजार रुपये है और शक्ति सिंह चौहान की पल्सर बाइक जिसकी अनुमानित मूल्य 50 हजार रुपये है जब्त कर ली। अमित के खिलाफ कैम्पियरगंज, तिवारीपुर एवं रामगढ़ताल में कई मुकदमे दर्ज है। वहीं शक्ति सिंह चौहान के खिलाफ कैंट, खजनी, चिलुआताल, गोरखनाथ एवं पीपीगंज में हत्या के प्रयास, लूट समेत नौ मुकदमे दर्ज है।

कमिश्नर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ मकर संक्रांति तैयारी बैठक

प्रखर गोरखपुर। मंडल आयुक्त सभागार में मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी की अध्यक्षता में मकर संक्रांति को सकुशल संपन्न कराने के लिए आयोजित किया गया बैठक संबंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।



इस दौरान डीआईजी गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर जे रविंदर गौड जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर आयुक्त अजय कांत सैनी एडीएम वित्त राजेश कुमार सिंह एडीएम सिटी विनीत कुमार सिंह एसपी ट्रैफिक महेंद्र पाल सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

जनसैलाब ने दिया समर्थन प्रत्याशियों पर भारी पड़े विनोद जायसवाल

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। नगर पंचायत बृजमनगंज मे एक तरफ जहां सभी प्रत्याशी चुनाव से पूर्व ही अपने जीत की दावेदारी मान रहे हैं वहीं आज अध्यक्ष पद की दौड़ में एक नया नाम उभर कर आया जिसे नगर पंचायत की सैकड़ों जनता ने हाथ उठाकर खुलकर समर्थन करते हुए चुनाव लडने की अपील।बताते चलें कि आज दोपहर 12 बजे समयमाता मंदिर आमाकोट मे बृजमनगंज कस्बा निवासी समाजसेवी विनोद जायसवाल द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में नगर पंचायत के लोग सम्मिलित हुए उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के 22 वर्षों संघर्ष को गिनाते हुए चुनाव लडने तथा न लडने पर राय मांगा। लिए सहयोग मांगा।सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर नारा लगाते हुए तन मन धन से समर्थन देने की बात की।ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी प्रत्याशी के समर्थन में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरुषों ने खुलकर सहयोग देने की बात की।विनोद जायसवाल ने क्षेत्र की जनता से कहा कि आपके आशीर्वाद से यदि मुझे अध्यक्ष का पद मिला तो सुखरामपुर से सीएचसी होते हुए लेहडा धानी जाने के लिए रेलवे फाटक पर अंडर पांसिग का निर्माण कार्य,

नगर पंचायत में सुंदरीकरण, पथरकट्ट के लिए आवास कालोनी, वृद्धाआश्रम का निर्माण, गरीब परिवार की लडकी की शादी का खर्च ,समस्त सरकारी योजना का लाभ दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता हैं। नवसृजित नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनाव के लिए भाजपा से राकेश जायसवाल, राघवेंद्र सिंह उर्फ नन्हें सिंह,कमलेश पाण्डेय समाजवादी पार्टी से दिलीप चौधरी, विंदु यादव, बसपा से शिवेंद्र सागर ,शशिभूषण अग्रहरी, जमाल अहमद, कांग्रेस से गणेश जायसवाल, शशिकांत जायसवाल सहित विनोद चौरसिया, पूजा जायसवाल, नीरज जायसवाल के होर्डिंग बैनर के साथ जनसंपर्क करते हुए नजर आ रहे हैं।वहीं संघर्षों के बल पर अपनी पहचान बनाने वाले समाजसेवी विनोद जायसवाल का अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी को सबसे प्रबल दावेदार के रूप में देखा जा सकता है।चुनाव लडने की घोषणा से कई प्रत्याशियों के चेहरों के रंग उड गए हैं।आगामी नगर पंचायत चुनाव में अपनी बढत बनाने के लिए सभी प्रत्याशियों के दुगुनी रफ्तार से चलना पडेगा।नगर पंचायत का चुनाव दिसंबर के अंतिम सप्ताह में हो सकता है।कौन बनेगा नगर पंचायत अध्यक्ष? किसके सर पर होगा ताज?चुनाव परिणाम का नतीजा आने पर ही निश्चित है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य राहुल शर्मा, समाजसेवी पंकज श्रीवास्तव,नीरज जायसवाल, चंद्रशेखर, विजय जा., विजय पटवा, अमित जायसवाल, इफ्तिखार अहमद, परवेज आलम, महमूद आलम, बगेदू चौरसिया, मोतीलाल चौरसिया, दीपचंद गुप्ता, सरफराज आलम,दीनानाथ कन्नौजिया, छद्दू भारती, बनवारी गौड, मुकेश गौड सहित सैकड़ों महिलाएं पुरुष मौजूद रहे।

आस्था की डुबकी लगाकर भगवान भाष्कर को दिया अर्घ्य

प्रखर पराऊगंज। ऊदपुर गांव स्थित सई गोमती नदी के संगम स्थल पर मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालु ने भोर तीन बजे से ही संगम स्थल पर आस्था की डुबकी लगाकर भगवान भाष्कर को अर्घ्य दिया। मेला में लाई, चूड़ा, रेवड़ा, मिठाई, खिलौने तथा कृषि व घर-गृहस्थी से सम्बंधित सामनों की दुकानें लगी थीं। महिलाएं सूप, दौरी, चलनी तो पुरुष हल चलाने का जुआ, हंसुआ, खुरपी, कुदाल, फावड़ा, सिंचाई में प्रयोग होने वाला लकड़ी का हत्था आदि खरीद रहे थे। उक्त अवसर पर पंडित श्री भूषण मिश्र कृष्ण कुमार मिश्रा डॉक्टर धीरेंद्र श्रीमती प्रिया आदि लोग उपस्थित रहे।

चंद्रग्रहण पर अन्नदान के साथ कम्बल का हुआ वितरण

प्रखर पिंडरा वाराणसी। आदर्श सामाजिक ग्रुप के तत्वाधान में मंगलवार को कठिराव में चंद्रग्रहण के अवसर पर गरीबों असहाय विकलांगों को कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण के मुख्य सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर एस पटेल तथा विशिष्ट अतिथि में जायसवाल क्लब के प्रदेश अध्यक्ष नंदलाल जायसवाल रहे। इस दौरान सैकड़ो असहाय लोगों को कम्बल,अन्न दान दिया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान श्रीमती संजू देवी , सुनील पटेल, राजू पटेल, दिनेश कुमार त्रिपाठी , अशोक , प्रदीप , महेंद्र व मारकंडेय व महादेव पटेल समेत अनेक लोग रहे।

धूमधाम से मनायी गयी गुरुनानक जयंती , निकली प्रभातफेरी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मुहम्मदाबाद स्थानीय नगर क्षेत्र के सिख समुदाय द्वारा गुरु नानक देव की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सिख समुदाय के लोगों ने अपने गुरु के प्रति आस्था एवं प्रेम प्रकट करते हुए प्रभात फेरी का भी आयोजन किया। इस अवसर पर सिख धर्म के लोगों ने बड़े पैमाने पर उल्लास के साथ नगर में प्रभात फेरी भी निकाली।बताया जाता है कि नगर क्षेत्र में गुरु नानक सिंह की जयंती के अवसर पर विगत 5 दिनों से सिख समुदाय के लोगों ने प्रभात फेरी का कार्यक्रम किया। इस प्रभात फेरी के अंतर्गत लोग लगातार पांच दिनों तक भजन कीर्तन गाते हुए नगर का भ्रमण किए। इसके अंतर्गत प्रभात फेरी के दौरान लोगों ने मुख्य बाजार एवं कपड़ा मंडी तथा विट्ठल चौराहे से भी प्रभात फेरी को भजन गाते हुए निकले। भजन कीर्तन में गुरु नानक देव की वाणी का भजन होता रहा। बताते चलें कि इस कार्यक्रम में सिख समुदाय ने गुरुद्वारे में प्रवचन भी किया तथा गुरु नानक जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। 5 दिनों तक लगातार प्रभात फेरी निकाली गई और साप्ताहिक पाठ भी गुरुद्वारे में किया गया। स्थानीय नगर के सदर रोड स्थित गुरुद्वारा में सिख समुदाय द्वारा भजन कीर्तन किया गया। स्थानीय नगर में रहने वाले सभी सिख समुदाय के लोगों ने इसमें भाग लेकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया ।प्रभात फेरी के अंतर्गत सिख समुदाय के लोगों ने पूरे नगर का भ्रमण करते हुए इसका समापन किया ।

आंचलिकता के मर्मज्ञ मार्कंडेय पुस्तक का लोकार्पण संपन्न

प्रखर मुंबई। आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, नालासोपारा एवं हिंदी प्रचार और शोध संस्था भाईंदर के संयुक्त तत्वावधान में डॉ.चंद्रभूषण शुक्ल की पुस्तक आंचलिकता के मर्मज्ञ मार्कंडेय का लोकार्पण समारोह आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के सभागार में डॉ.सुधाकर मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।डॉ.ओमप्रकाश दुबे के संयोजन में श्रीमती प्रीति शुक्ला ने गणेश वंदना और अवधेश विश्वकर्मा ने मां सरस्वती की वंदना किया। लोकार्पण समारोह के अध्यक्ष डॉ.सुधाकर मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। संस्था के अध्यक्ष डॉ.जयप्रकाश दुबे ने सभी अतिथियों का सम्मान शाल, श्रीफल, रामनामी अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर किया। लोकार्पण समारोह के अध्यक्ष डॉ.सुधाकर मिश्र ने लोकार्पण के अवसर पर डॉ. चन्द्र भूषण शुक्ल को मार्कंडेय पर बेहतरीन शोधकार्य के लिए आशीर्वाद देते हुए और परिश्रम करने का सुझाव दिया।मुख्य अतिथि डॉ.सतीश पांडेय पूर्व उपप्राचार्य एवं अध्यक्ष हिन्दी-विभाग सोमय्या कालेज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि डॉ.चंद्रभूषण ने मार्कंडेय पर विशेष कार्य किया है। मार्कंडेय को अच्छी तरह जानने के लिए कि प्रयागराज साहित्यिक और राजनैतिक आन्दोलनों का केंद्र रहा है। कथाकार मार्कंडेय नयी कहानी आंदोलन के लिए मजबूत जमीन तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है।कथाकार मार्कंडेय

आंचलिकता के मर्मज्ञ मार्कंडेय उपयोगी ग्रंथ है। डॉ.चन्द्रभूषण शुक्ल कि पहली पुस्तक है और मेहनत की आवश्यकता है।विशेष अतिथि प्रो.डॉ.शीतला प्रसाद दुबे पूर्व अध्यक्ष हिन्दी-विभाग के.सी. कालेज ने कहा लोगों को अपने जैसा बना लेते थे। प्रमुख वक्ता डॉ.अवनीश सिंह डालमिया कालेज ने आंचलिकता के मर्मज्ञ मार्कंडेय के जीवन मूल्यों और साहित्यिक अवदान पर विशेष ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ.उमेश चन्द्र शुक्ल अध्यक्ष, हिन्दी-विभाग महर्षि दयानंद कॉलेज परेल ने कहा कि मार्कंडेय के कथा साहित्य को पढ़ना पूरे अवध प्रांत को समझना है।मार्कंडेय का कथा साहित्य आजादी के बाद के भारत का जीवंत दस्तावेज है। जिसमें सम्पूर्ण भारत दिखाई पड़ता है। कथाकार मार्कंडेय के वंश वृक्ष की तलाश और पीढीयों तक खोजबीन विशेष कार्य है। गूलरा के बाबा कहानी से लेकर अग्निबीज उपन्यास की कथा वस्तु यथार्थ जीवन की घटनाएं है।इस अवसर पर मार्कंडेय सिंह के भतीजे रोहित सिंह का शाल श्रीफल रामनामी अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ ओमप्रकाश दुबे एवं डॉ.शिवनारायण दुबे ने डॉ. चंद्रभूषण शुक्ल को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ.ओमप्रकाश दुबे ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

राकेश टिकैत ने रात्रि विश्राम के बाद कार्यकर्ता एवं समर्थकों से किया मुलाकात

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत का अदलहट स्थित इंटर कॉलेज के मैदान पर जनसभा खत्म होने के बाद जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी के घर पर रात्रि प्रवास किया उसके बाद राकेश टिकैत आज सुबह में

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह के घर पर परिजनों एवं समर्थकों से मिलने के बाद वहा से भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव प्रह्लाद सिंह के घर पर थोड़ा विश्राम किए एवं परिजनों एवं समर्थकों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात चीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार किसान विरोधी है वादे करके वादों से मुकर जाना इनकी पुरानी आदत है जहां कहीं भी प्रदेश एवं केंद्र की सरकार तानाशाही रवैया अपनाए कि भारतीय किसान यूनियन आंदोलन और सिर्फ आंदोलन का ही रास्ता अपनाएं गी उन्होंने कहा कि देश में विपक्ष ने अपनी भूमिका खुद ही है विपक्ष कहां है कहीं खुद खोजने से भी नहीं मिल रही देश की सरकार पूंजीपतियों की गोद में खेल रही है राकेश टिकट देश को बिकने नहीं देंगे इसके बाद उनका काफिला चंदौली में प्रस्तावित जनसभा के लिए प्रस्थान कर गए। इस दौरान उपस्थित रहने वालों में राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन, प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्ध नाथ सिंह, प्रदेश सचिव प्रहलाद सिंह, जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह , अन्न दाता मंच के संयोजक चौ० रमेश सिंह पंकज सिंह,महेश सिंह,जीउत राम सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

बकरी दरवाजे पर जाने को लेकर पीटा

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के ग्राम कदहरा में मंगलवार को प्रायः लगभग छः बजे पड़ोसी के दरवाजे पर बकरी चले जाने पर दबंग पड़ोसी ने रीनू देवी 35वर्ष पत्नी मनबास यादव को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है। वही पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रोटरी क्लब ने मनाई देव दीपावली

प्रखर कसया कुशीनगर। रोटरी क्लब कुशीनगर की ओर से सोमवार को कसया स्थित श्रीनाथजी शिव मंदिर स्थित छठ घाट पोखरे पर धूमधाम के साथ देव दीपावली मनाई गई। मंदिर परिसर व छठ घाट आदि में 11111 दीये जलाए गए। दीपों की रोशनी से पूरा परिसर जगमगा उठा। वहीं शिक्षिका रश्मि जायसवाल एवं दीपिका सोनकर और अन्य के द्वारा आकर्षक रंगोली भी बनाई गई और घाटों को सुसज्जित किया गया था। श्रद्धालुओं ने दीये जलाकर पूजा-अर्चना की और इस त्योहार की महत्ता पर प्रकाश डाला। दीपदान के बाद सभी उपस्थित भक्तों को मिष्ठान का वितरण भी किया गया। इस आयोजन में इस्कान ट्रस्ट, कुशीनगर महोत्सव आयोजन समिति का भी भरपूर सहयोग रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीनाथजी मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक डॉ पारसनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि शास्त्रों की मानें तो भगवान शिव ने त्रिपुरासुर राक्षस का वध किया था। त्रिपुरासुर का वध कार्तिक मास की पूर्णिमा को हुआ था। इसी की खुशी में देवताओं ने पृथ्वी पर आकर शिवगंगा तट पर पूजा-अर्चना कर अनेकों दीपक जलाएं। इसलिए इसे देव दीपावली कहा जाता है। पूरे भारत में देव दीपावली मनाई जाती है। देव दीपावली सनातन धर्म का बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार माना जाता है। धार्मिक मान्यताएं हैं कि इस दौरान सभी देवी-देवता धरती के पावन गंगा घाटों पर स्नान करते हैं। यूं तो कार्तिक मास में छोटी दिवाली के बाद मनाई जाने वाली देव दिवाली को अधिक खास माना जाता है, लेकिन इसी मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को देव दीपावली को मनाया जाने वाला देव दिवाली का पर्व भी विशेष माना जाता है। बताया जाता है खासतौर पर देव दिवाली वाराणसी में मनाई जाती है। मुख्य रूप से इस दिन भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की आराधना का महत्व होता है। इसका कारण धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह बताया जाता है कि भगवान विष्णु शयन मुद्रा में जाग जाते हैं। इसके बाद कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की यह पूर्णिमा पहली पूर्णिमा मानी जाती है, जिस कारण इसे अधिक खास माना जाता है। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के संरक्षक राकेश जायसवाल, अध्यक्ष डॉ एम एच खान, सचिव वाहिद अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप रौनियार, उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्त, उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष साहिल अहमद, कोषाध्यक्ष विजय कृष्ण द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष अनिल जायसवाल, सह सचिव दिनेश कुमार यादव, सह सचिव अरूण कुमार वर्मा, सह कोषाध्यक्ष डॉ सुनील सिंह, कार्यक्रम संयोजक व निदेशक राजीव जायसवाल लक्ष्य, निदेशक अंकित गर्ग, निदेशक अंकुर तुलस्यान, सदरे आलम, इम्तियाज आलम, दुर्गेश चतुवेर्दी, शामिल रहे।

भंडारे में हुआ दिग्गजों का जमावड़ा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना और सहकारिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर आज जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के पैतृक घर पर आयोजित भंडारे मे भाग लेने के लिए मुहम्मदाबाद के मोहनपुरा जाने के लिए लखनऊ से एक ही साथ हवाई जहाज से अंधऊ हवाई अड्डे पर अपराह्न 1 बजे पहुंचे। जहाँ भाजपा जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह एवं जिला प्रभारी अशोक मिश्रा के नेतृत्व मे स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा, डा विजय यादव, विनोद अग्रवाल,प्रो शोभनाथ यादव, प्रवीण सिंह, पंकज सिंह चंचल, राजेश राजभर, संकठा मिश्रा, अखिलेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, राजन प्रजापति, पप्पू सिंह, सुरेश बिंद, डा अरविन्द मिश्रा प्राचार्य मेडिकल कालेज, डा संचीत,डा अभिषेक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता, पुलिस अधीक्षक नगर गोपीनाथ सोनी, तहसीलदार अभिषेक, प्रतिभा मिश्रा एसडीएम, गौरव कुमार क्षेत्राधिकारी, हेमंत राव बीएसए, जिला पंचायत अध्यक्ष मऊ मनोज राय, अशोक सिंह, उत्पल राय,संजीव जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

जल जीवन मिशन हर घर जल योजना का दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन 9 को

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद के जखनियां विकास खण्ड में मंगलवार को जनपद राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा जल जीवन मिशन हर घर जल योजना अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पिछले कई दिनों से चल रहा है जो कल दिनांक 9 नवम्ब 2022 को अंतिम चरण का प्रशिक्षण दे कर समाप्त कर दिया जाएगा जिसमें जल जीवन मिशन हर घर जल योजना अंतर्गत राजमिस्त्री, पलंबर, फिटर, इलेक्ट्रीशियन,पंप ऑपरेटर, मोटर मैकेनिक,आदिको उनके क्षमता संवर्धन के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधान व समिति सदस्यों द्वारा चयनित कुल व्यक्तित्व को शामिल किया जाएगा जिनमें हरगांव से लगभग 13-13 लोगों का नाम शामिल कर लिया गया है अब तक जिन गांव के लोगों का नाम चयनित नहीं हो पाया है उनके लिए शासन के निदेर्शानुसार अलग से निर्धारित तिथि पर प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें जखनिया विकासखंड के अब तक कुच्छ ग्राम पंचायतों के नाम नहीं चयनित किए गए हैं जिनके लिए दिनांक 9नवम्बर2022 को अंतिम दिन होगा जिसके बाद प्रशिक्षण समाप्त कर दिया जाएगा पूरी जानकारी देते हुए ट्रेनर बबलू यादव ने बताया कि जिनको भी अपने ग्राम पंचायत से प्रशिक्षण के लिए नाम शामिल करना है उन लोगों को कल का दिन अंतिम दिन होगा अन्यथा की स्थिति में उस ग्राम पंचायत के लिए ग्राम प्रधान खुद जिम्मेदार होंगे।

जमीन के विवाद में लाठी डंडे से पीटकर एक की मौत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जमीनी विवाद में मनबढ़ लोगों द्वारा एक व्यक्ति को लाठी डंडे से पीट-पीटकर एक को मौत के घाट उतार दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के जंजीरपुर गाँव में रास्ते को लेकर कुछ लोगों में विवाद चल रहा था। बीते एक सप्ताह पहले असदरजा से विवाद हुआ था। जिसकी लिखित तहरीर असदरजा द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया जिसका नतीजा यह हुआ की असदरजा को अपनी जान गवानी पड़ीं। सोमवार की देर शाम मृतक असदरजा 52 पुत्र स्व हसनू अपने हाते में शौच के लिए गयें थे।

कुछ लोगों द्वारा उन पर अचानक हमला कर दिया गया। दबंगों के हमले में वह बुरी तरह जख्मी हो गयें जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान असदरजा की मौत हो गई। मृतक के पुत्र गुलाम गौस द्वारा छ लोगों के खिलाफ लिखित तहरीर दी गई है। कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर राम विलास चौबे पुत्र स्व0 लल्लन चौबे, शिवम् चौबे, नितेश, बुलबुल, आकाश व राजेश विश्वकर्मा के खिलाफ मुकदमा कायम कर सभी के गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रहीं हैं!

उ0प्र0 प्राथमिक शिक्षक संघ की सदस्यता अभियान 30 तक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, लखनऊ, उ०प्र० के पत्र दिनांक 4 नवम्बर 2022 द्वारा अवगत कराया गया है कि संगठन की सदस्यता हेतु प्रत्येक वर्ष चार विशेष अभियान संचालित किये जाते है। इस वर्ष 2022 की सदस्यता के विशेष अभियान का अन्तिम चरण दिनांक 05 नवम्बर 22 से शुरू होकर 30 नवम्बर 22 तक पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद गाजीपुर में भी वर्ष 2022 की सदस्यता हेतु विशेष अभियान के अन्तिम चरण में जनपद के सभी अध्यापकों को संगठन की उपलब्धि तथा आवश्यकता बताकर उन्हें संगठन का सक्रिय सदस्य बनाने की जिम्मेदारी सभी ब्लाकों के अध्यक्ष/मंत्री और ब्लाक कार्यकारणी के सभी सदस्यों को दी गई है।

बेचूवीर मेले के बाद गंदगी व दुर्गन्ध में साँस लेने के लिए ग्रामीण हुए मजबूर

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। क्षेत्र के बरही बेचूवीर गाँव में लगने वाला ऐतिहासिक मेला खत्म हो गया है लेकिन अब गंदगी व दुर्गन्ध भरी हवा में साँस के लिए सभी लोग मजबूर हो गये है कास कोइ ऐसा अधिकारी हो जो ग्रामीणो की इस दर्द को महसूस कर सके क्योंकि मेले के दौरान लगने वाले सफाइ कर्मी कुछ कार्य तो किये लेकिन मेले के बाद लगे सफाई कर्मी अपना कोटा पुरा किये और चले गए सफाई के नाम पर जो कार्य हुआ उससे और भी बुरा हाल हो गया क्योंकि फैला हुआ कुडा एकत्र होने पर उसमे से और भी दुर्गंध फैल रहा है कुछ किसान मेले के डर से अपना कच्चा फसल काट दिये और जो नहीं काटे वह काटने योग्य नहीं बचा है यह बात किसी शासन प्रशासन को नोटिस करने मौका नहीं है जबकि मेले से पहले प्रतिदिन किसी न किसी अधिकारियों का दौरा होता था और हर तरह से ग्रामीण को समस्या का कारण बताया गया मेला से पूर्व ग्रामीणो के साथ प्रशासनिक अमले ने बैठक कर ग्रामीणों

से मेले में सहयोग करने की अपील की गई थी। ग्रामीणों ने प्रशासनिक अमले के लोगों से मेला के बाद होने वाली गंदगी की समस्या से अवगत कराया था तहसील प्रशासन ने उस वक्त तो इस समस्या के निदान के लिए हामी भी भरी थी। पर मेले में ग्रामीणों ने तो प्रशासनिक अमले का मदद जरूर किया पर मेले के बाद शासन प्रशासन के लोग ग्रामीणों की समस्या सुनने को तैयार नहीं है किसानो के फसल का बहुत ही बुरा हाल हुआ है हर तरफ किसनो का फसल बर्बाद होना ,गंदगी मे कूड़े का ढेर, दुर्गन्ध, ये सब चीजें गांव के चारों तरफ देखी जा सकती है गन्दगी व बर्बाद हुए फसल को देख सकते हैं लेकिन जो दुर्गन्ध में साँस ले रहे हैं यह बात तो महसूस कर सकते हैं गांव के चारो तरफ जो नदिया है जिसमे ग्रामीण प्रतिदिन स्नान करने व शाम के वक्त प्राकृतिक की सुन्दता का जो आनंद लेने जाते हैं आज उस नदी के तरफ जाना भी मुश्किल हो गया है क्योंकि जहाँ देखो वहाँ गंदगी व दुर्गन्ध फैला हुआ है।

ग्राम आपदा प्रबंधन एवं जलवायु संरक्षण योजना निर्माण विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

प्रखर गोरखपुर। एनेक्सी भवन सभागार, सर्किट हाउस में ग्राम आपदा प्रबंधन एवं जलवायु संरक्षण योजना निर्माण विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गोरखपुर, मंडलीय राजस्व प्रशिक्षण विद्यालय गोरखपुर एवं यूनिसेफ उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नव चयनित 68 नायब तहसीलदार एवं 134 आपदा मित्र व सखी तथा गोरखपुर विश्वविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग के अंतर्गत संचालित आपदा प्रबंधन पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, बेसिक शिक्षा विभाग, सूचना विभाग, पंचायती राज, बाढ़ खंड, बाढ़ खंड 2, ड्रेनेज खंड, विकास, अग्निशमन विभाग, विद्युत आदि अन्य हितभागी संस्थाओं और विभागों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम की विकास योजनाओं में आपदा न्यूनीकरण एवं जलवायु परिवर्तन संबंधी तत्व को समायोजित करते हुए योजना निर्माण की कार्यवाही किए जाने हेतु प्रोत्साहित किया जाना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित नायब तहसीलदार एवं उनके साथ एक युवा मास्टर प्रशिक्षक को जोड़ते हुए एक टीम गठित की गई। योजना निर्माण हेतु अति संवेदनशील ग्रामों का चयन किया गया है। चयनित ग्राम में निर्धारित टीम द्वारा बैठक आयोजित कर योजना निर्माण की कार्यवाही की जाएगी। ग्राम स्तरीय बैठक में संबंधित ग्राम के ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, लेखपाल, अध्यापक, एएनएम, आशा, आंगनवाड़ी, चौकीदार, आपदा मित्र एवं अन्य ग्राम स्तरीय कर्मचारी तथा गणमान्य व्यक्ति अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करेंगे, जिसे हेतू पृथक रूप से दिशा निर्देश समस्त विभागों को दिए जा रहे हैं। योजना निर्माण में मुख्य रूप से ग्राम का विवरण ग्राम की संरचना, नाजुकता व क्षमता का आकलन, ग्राम में उपलब्ध संसाधन (भौतिक एवं मानवीय), ग्राम स्तर पर संचालित किए जा रहे विकास कार्य, प्रस्तावित विकास कार्य तथा जलवायु संरक्षण के दृष्टिगत तैयार कराए जा रहे अमृत सरोवर, जल संरक्षण हेतु किए जा रहे प्रयास, पर्यावरण संरक्षण हेतु वर्तमान में तथा भविष्य में किए जाने वाले सुरक्षित पौधरोपण, फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री खेत खलियान दुर्घटना बीमा योजना आदि विभिन्न विषयों पर सूचना एकत्रित की जाएगी और उक्त योजनाओं का सफलता रुप से संचालन हो सके इस हेतु ग्राम की विकास योजना में समाहित की जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही प्रत्येक ग्राम के स्तर पर ग्राम आपदा प्रबंधन समिति तथा 4 सहायक समितियों का गठन भी किया जाएगा। उक्त अवसर पर श्री राजेश कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी (वित्त राजस्व)/प्रभारी अधिकारी (आपदा) गोरखपुर ने प्रतिभागियों से अपेक्षा व्यक्त की कि शासन स्तर पर डिजास्टर मिटिगेशन फंड उपलब्ध है जिस हेतु योजनाएं तैयार कर शासन को प्रेषित की जानी है।

प्रमुख सचिव चिकित्सा, शिक्षा ने मण्डलीय जिला अस्पताल एवं महिला अस्पताल तथा डेंगू वार्ड का किया निरीक्षण

प्रखर मिजार्पुर। प्रदेश के प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा श्री आलोक कुमार ने आज जनपद भ्रमण के दौरान मण्डलीय जिला चिकित्सालय में पहुँचकर विभिन्न वार्डो इमरजेंसी कक्ष एवं डेंगू वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड में आये हुये मरीजों व उनके परिजन से वार्ता कर इलाज व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा विभिन्न चिकित्सक कक्ष में भी जाकर चिकित्सको के द्वारा पंजीकृत किये गये मरीज रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया गया तथा निर्देशित किया गया कि आने वाले मरीजों को भली भाति देखकर उनका इलाज किया गया जाय तथा मरीजो के साथ सद्व्यवहार भी करें। तदुपरान्त प्रमुख सचिव ने एस0आई0सी0 एवं प्राचार्य मेडिकल कालेज से अस्पताल में स्थित सुविधाओं/उपकरणो आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रमुख सचिव द्वारा डेंगू वार्ड में पहुँकर भर्ती मरीजों से वार्ता की गयी तथा मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। तदुपरान्त जिला महिला अस्पताल में पहुँचकर प्रसूती वार्ड के0एम0सी0 रूम तथा शिशु गहन चिकित्सा इकाई का निरीक्षण किया गया। के0एम0सी0 के बारे में जानकारी करने पर बताया गया कि तकनीकी स्टाफ न होने के कारण संचालित नही है जिस प्रमुख सचिव ने कहा कि व्यवस्था कर उसे संचालित किया जाय। नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई में जाकर भर्ती

नवजात शिशुओं को देखा तथा भर्ती के पश्चात रिलीव किये गये परिजनों से डाक्टरों के द्वारा प्रतिदिन वार्ता कर ली जाने वाली जानकारी रजिस्टर को भी देखा। रजिस्टर में बच्चों के भर्ती उनके वजन तथा रिलीविंग डेट पर बच्चों का वजन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुये निर्देशित किया कि जब तक बच्चा स्वस्थ्य न हो जाये तब तक उसे गहन निगरानी किया जाय। उन्होने कहा कि रिलीव करने के बाद भी एक माह तक प्रतिदिन बच्चों के परिजन से वार्ता उसके स्वास्थ्य के बारे में जानकार जाय। उन्होने कहा कि इस वार्ड में व्यवस्था सुधारने की आवश्यकता हैं। उन्होने बताया कि मेडिकल कालेज स्थापित होने के बाद यह जिला अस्पातल मेडिकल कालेज में शामिल होने के उपरानत उसमें क्या व्यवस्थाए चेंज करना है जिस चीज अतिरिक्त आवश्यकता हैं इसी को देखने के लिये वें स्वंय आये हैं। उन्होने कहा कि मेडिकल कालेज से सम्बद्ध 200 बेड का एक अस्पताल बनना है जो अभी तक चालू नही हो पाया है इसका कारण है कि महिला अस्पताल को मेडिकल कालेज में शिफ्ट करना हैं। उन्होने कहा कि जिस भवन में डेंगू वार्ड स्थापित किया गया हैं वह भवन कुछ तकनीकी जांच चलने के कारण अपूर्ण हैं। उन्होने कहा कि जिलाधिकारी से चर्चा की गयी है कि इस भवन को किस तरह से पूर्ण कराते हुये सम्मिलित किया जाय।

एण्ड टीवी के हप्पू की उलटन पलटन की दबंग जोड़ी दरोगा हप्पू सिंह और रज्जो देव दीपावली के दौरान काशी नगरी पहुंचे

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। एण्डटीवी का घरेलू कॉमेडी हप्पू की उलटन पलटन भारतीय टेलीविजन पर सबसे पसंदीदा कॉमेडी शोज में से एक है। तेल से चुपड़े बालों, जिसकी एक घुंघराली लट उसके सिर पर बिल्कुल परफेक्ट तरीके से आकर बैठती है, से लेकर पान की लाली से सने होंठ, जो उसकी मूंछों को बेहतरीन तरीके से दिखाते हैं, तक दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) की मजाकिया छवि ने दर्शकों को खूब हंसाया है। इस शो में दरोगा हप्पू सिंह, उसकी दबंग दुल्हनिया राजेश (कामना पाठक), हप्पू की जिद्दी मां कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) और हप्पू एवं राजेश के नौ शरारती बच्चों के मजाकिया कारनामों को एक मजेदार कहानी के रूप में पिरोया गया है। इस बेहद मशहूर दबंग जोड़ी ने देव दीपावली के दौरान काशी नगरी की सैर की जहां पर उन्होंने विभिन्न घाटों की यात्रा का आनंद उठाया, गंगा नदी के किनारे नाव की सवारी के मजे लिये, मुंह में पानी भर देने वाले स्ट्रीट फूड का स्वाद चखा और शहर के मशहूर स्टोर्स पर जमकर खरीदारी भी की` वाराणसी की अपनी यात्रा के बारे में बताते हुये योगेश त्रिपाठी ऊर्फ दरोगा हप्पू सिंह ने कहा सभी काशी वासियों को देव दीपावली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें हमारे शो हप्पू की उलटन पलटन के उत्तर प्रदेश में ढेरों प्रशंसक हैं और यही कारण है कि हमने अपने दर्शकों से मिलने एवं उनसे बातें करने के लिये घाटों के शहर वाराणसी आने का फैसला किया` वाराणसी भारत के प्राचीन शहरों में से एक है और यहां पर कई विश्व-प्रसिद्ध मंदिर हैं, जो लाखों भक्तों को आकर्षित करते हैं। और यहां पर आने के लिये देव दीपावली से बेहतर अवसर और क्या हो सकता था, जब आप अनूठे एवं मंत्रमुग्ध कर देने वाले जश्न को देख सकते हैं। हम जहां भी गये, हमारे प्रशंसकों ने हमारे मजेदार डायलॉग्स और मेरे कैचफ्रेजेज-अरे दादा बोलकर हमारा स्वागत किया जिसे सुनकर मुझे बहुत खुशी हुई। मैं दर्शकों का

आभारी हूं जिन्होंने हमारे काम की हमेशा सराहना की और हम उम्मीद करते हैं कि हम ऐसे ही मजेदार कहानियों से अपने दर्शकों का आगे भी मनोरंजन करते रहेंगे। यहां के मशहूर मंदिरों की सैर, स्ट्रीट फूड का आनंद और खरीदारी एवं घाटों पर नावों की यादगार यात्रा के दौरान हमने हमारे दर्शकों से परस्पर संवाद करते हुये बेहतरीन समय बिताया। हमने यहां के स्वादिष्ट पकवानों, जैसे कि टमाटर चाट, लिट्टी चोखा और कुल्हड़ की चाय के भी मजे लिये। शिव की नगरी ने मुझे एक बार फिर मोहित कर दिया। हालांकि मैं दूसरी बार वाराणसी आया हूं। लेकिन अभी भी मेरा मन नहीं भरा है। और मैं यहां पर बार-बार आता रहूंगा। हर हर महादेव पहली बार वाराणसी आईं कामना पाटक ऊर्फ राजेश सिंह ने अपने अनुभव बताते हुये कहा हमारे सभी दर्शकों को देव दीपावली की बहुत सारी शुभकामनायें` हमारे शो हप्पू की उलटन पलटन ने हप्पू सिंह, उसकी दबंग दुल्हनिया रज्जो और उनकी बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग तथा कनपुरिया स्टाइल में डायलॉग्स के साथ मजेदार नोंक-झोंक ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है और उनका पसंदीदा शो बन गया है इसलिये, इस साल हास्य की अतिरिक्त खुराक देने और शहर के त्योहारी आनंद का मजा लेने के लिये हमने हमारे दर्शकों से मिलने और बातें करने के लिये काशी आने का फैसला किया। मैंने वाराणसी के बारे में बहुत कुछ सुन रखा था, लेकिन कभी भी यहां आने का मौका नहीं मिल पाया। मैं पहली बार यहां आई थी और यहां की संस्कृति, लोगों, खान-पान, शॉपिंग और पूरे माहौल को देखकर मंत्रमुग्ध रह गई। वाराणसी में देखने के लिये बहुत कुछ है-यहां के घाटों से लेकर महलों और सुबह-सबेरे की नाव की सैर के अद्भुत नजारे, हर चीज बेमिसाल है` वाराणसी शाकाहारी लोगों के लिये स्वर्ग की तरह है जहां पर आप बेहद सस्ते दामों में तरह-तरह के स्ट्रीट फूड का आनंद उठा सकते हैं। कचौड़ी, सब्जी, जलेबी और ठंडाई खासतौर से ऐसे व्यंजन हैं जिनका स्वाद यहां आने के बाद आपको जरूर चखना चाहिये। मैं तो इस शहर की खूबसूरती और यहां के जश्न के माहौल में पूरी तरह से खो गई। मैं बहुत खुश हूं कि मुझे काशी आने का मौका मिला। सड़क पर चल रहे लोगों ने हमें फौरन पहचान लिया और हमारा अभिनंदन किया। उनके प्यार और लगाव को देखकर मेरी आंखों में खुशी के आंसू आ गये थे। यह अनुभव जिंदगी भर में यादों में बसा रहेगा।

दिल के दौरे के बाद बचे कुछ

मरीज बता सकते हैं मृत्यु का अनुभव !



■ दिल का दौरा पड़ने के बाद ठीक हुए 567 पुरुषों और महिलाओं के अनुभवों पर किए गए अध्ययन का निष्कर्ष

■ वाशिंगटन (भाषा)।

दिल का दौरा पड़ने के बाद 'कार्डियोपल्मोनरी रिससिटैशन' (सीपीआर) की मदद से बचे पांच लोगों में से एक मरीज मृत्यु के उस अनुभव का स्पष्ट वर्णन कर सकता है, जब वह बेहोश था और मौत के करीब पहुंच गया था। यह जानकारी अपनी तरह के पहले अध्ययन से मिली है।

वास्तव में सीपीआर जान बचाने की एक तकनीक है जिसमें मरीज के सीने को दबाना और मुंह से सांस देना होता है। यह कई आपात स्थितियों में उपयोगी साबित होता है, जैसे किसी को दिल का दौरा पड़ा हो या कोई डूबते-डूबते बचा हो और उसकी सांस या दिल की धड़कन रुक गई हो। यह शोध सर्कुलेशन नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है और इसके अनुसार शोध में अमेरिका और ब्रिटेन में ऐसे 567 पुरुषों और महिलाओं को शामिल किया गया, जिनके दिल ने अस्पताल में भर्ती कराते समय धड़कना बंद कर दिया था और मई 2017 से मार्च 2020 के बीच उन्हें सीपीआर दिया गया था।

शोधकर्ताओं के अनुसार जीवित बचे लोगों ने अपने अनुभव साझा किए जिनमें शरीर से अलग होने का अनुभव, बिना दर्द या परेशानी के घटनाओं को देखना और जीवन का सार्थक मूल्यांकन शामिल है। इसमें उनके कार्यों, इरादों और अन्य लोगों के प्रति अपने विचार शामिल हैं। टीम ने मौत के करीब के इन अनुभवों को दुःस्वप्न, भ्रम, सपने या सीपीआर से जुड़ी चेतना से अलग पाया।

अमेरिका के शिकागो शहर में अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के वैज्ञानिक सत्र 2022 में पेश किए गए इस शोध में मस्तिष्क की गुप्त गतिविधियों के परीक्षण भी शामिल थे।

सुपर मॉडल गिगी हदीद ने छोड़ा ट्विटर

लॉस एंजिलिस (आईएएनएस)। एलन मस्क द्वारा 44 बिलियन डॉलर में ट्विटर खरीदने के बाद यह अब किसी के लिए सुरक्षित स्थान नहीं है, यह घोषणा करते हुए हॉलीवुड की सुपरमॉडल गिगी हदीद ने ट्विटर को छोड़ दिया है।

27 वर्षीय सुपरमॉडल ने अपने 76 मिलियन अनुयायियों को यह बताने के लिए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी की ओर रुख किया कि वह अब माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर नहीं है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने ट्विटर को नफरत और कट्टरता का सेसपूल भी कहा। गिगी ने एलोन के बारे में लिखा, यह अधिक से अधिक नफरत और कट्टरता का एक सेसपूल होता जा रहा है और यह ऐसी जगह नहीं है जिसका मैं हिस्सा बनना चाहती हूं।

अपने बयान के साथ, गिगी ने मानवाधिकार वकील शैनन राज सिंह के ट्वीट को टेक दिग्गज से अलग किए जाने के बारे में भी शामिल किया। शैनन की पोस्ट पढ़ी गई, 'कल ट्विटर पर मेरा आखिरी दिन था। पूरी मानवाधिकार टीम को कंपनी से काट दिया गया है। मुझे उन लोगों की रक्षा के लिए व्यापार और मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांतों को लागू करने के लिए किए गए काम पर बहुत गर्व है।' ट्विटर ने 4 नवम्बर को एक ईमेल भेज कर लगभग आधे कर्मचारियों को निकाल दिया, जिसमें बताया गया था कि कटौती कंपनी की सफलता को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक थी। गिगी के अलावा, कई प्रसिद्ध नामों ने भी मंच छोड़ने का फैसला किया है, जिनमें सारा बरेली, टोनी ब्रेक्सटन, मिक फोले और 'ग्रेज एनाटॉमी' पटकथा लेखक शोंडा राइम्स शामिल हैं।

ट्विटर बेस्ट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने ट्विटर को बेस्ट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बताया है। कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर ट्विटार की तारीफ की है। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम हैडल पर पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने ट्विटर की नई पॉलिसी की तारीफ की है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए कंगना ने कहा, ट्विटर सबसे अच्छा सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म है। यह बौद्धिक और वैचारिक रूप से प्रेरित है, बजाए फैशन या लाइफ स्टाइल के बारे में। हालांकि, मै इसका प्रोसेस कभी नहीं समझ पाई, जिसके जरिए केवल कुछ लोग वेरीफाई होते है। वेरिफिकेशन का क्राइटेरिया आधार कार्ड पर आधारित होना चाहिए, जिनके पास आधार कार्ड है उन्हें आसानी से वैरिफिकेशन मिलना चाहिए। अपने पोस्ट में कंगना ने लिखा, 'ब्लू टिक के लिए कुछ पैसे चार्ज करने का फैसला अच्छा है, इससे प्लेटफॉर्म को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। अब दुनिया में कोई भी फ्री लॉन्च नहीं होते है।

मुंबई को जीवित रखता है रॉक म्यूजिक : फरहान

■ कहा, इस शैली के समान विचारधारा वाले संगीत प्रेमियों की संगति में आकर खुश हूं

मुंबई (आईएएनएस)। मल्टी-हाइफनेट फरहान अख्तर, जिन्होंने संगीतमय फिल्म 'रॉक ऑन' से अभिनय की शुरुआत की ने हाल ही में मुंबई में आयोजित इंडिपेंडेंस रॉक फेस्ट में परफॉर्म किया। उन्हें लगता है कि रॉक संगीत ही है जो मुंबई के अधिकतम शहर को जीवित रखता है। 'दिल चाहता है' का निर्देशक रॉक एन रोल प्रशंसक है और भारतीय रॉक बैंड 'परिक्रमा' के साथ प्रदर्शन करने के लिए रोमांचित था, जो नौ साल के अंतराल के बाद मुंबई लौटे थे। फेस्ट में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए फरहान ने कहा कि वह इस शैली के समान विचारधारा वाले संगीत प्रेमियों की संगति में आकर खुश हैं। उनके लिए 'परिक्रमा' के साथ एक गाना बजाना रोमांचक था लेकिन इससे भी ज्यादा वह रॉक एन रोल के प्रशंसक और इसके प्यार के लिए थे। उन्होंने आई-रॉक जैसे उत्सव को शहर का सामान्य ताना-बाना बनाए रखने की आवश्यकता के बारे में भी बात की।

उन्होंने कहा, 'तथ्य यह है कि सर्वोत्कृष्ट रॉकफेस्ट को इस तरह की प्रतिक्रिया मिली है, यह बहुत आश्वस्त करने वाला है। शहर को जीवित रहने के लिए रॉक संगीत की आवश्यकता है। मुझे खुशी है कि यह फिर से हो रहा है।' युवाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली आवाज के रूप में, फरहान को लगता है कि हमें रॉक संगीत की आग को जलते रहने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा, 'बस आग जलाते रहो। चट्टान हमेशा स्वतंत्रता का प्रतिनिधित्व करती है। यह स्वतंत्रता का प्रतिनिधित्व करती है। यह आपकी अपनी आवाज का प्रतिनिधित्व करती है।' फरहान की 'दिल चाहता है' के सह अभिनेता सैफ अली खान भी अपने बेटे तैमूर के साथ महिंद्रा इंडिपेंडेंस रॉक में शामिल हुए।

आंखों की करें ठीक से देखभाल : शिल्पा

चेन्नई (आईएएनएस)। योग से खुद को फिट रखने वाली बालीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों से अपनी आंखों की अच्छी देखभाल करने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि आंखें एक ऐसा उपहार हैं जिसे किसी को भी हल्के में नहीं लेना चाहिए।

कंप्यूटर विजन सिंड्रोम के बारे में एक विस्तृत पोस्ट लिखते हुए, जो सूखापन और लाल आंखों का कारण बनता है, उन्होंने कहा, "मैंने हाल ही में कहीं पढ़ा है कि स्क्रीन के लगातार संपर्क में आने से सूखापन और लाल आंख होती ह जिसे अब आमतौर पर कंप्यूटर विजन सिंड्रोम कहा जाता है। इस जानकारी ने वास्तव में मुझे चिंतित कर दिया। हालांकि हम तकनीक से बच नहीं सकते हैं, हम जो कर सकते हैं वह पर्याप्त नमी बनाए रखते हुए अपनी आंखों की उचित देखभाल कर सकते हैं।"

बालीवुड अभिनेत्री ने कहा कि आंखों की सफाई की दिनचर्या या नेत्र योग का अभ्यास करने के लिए दिन के दौरान कुछ मिनट बाहर निकलें। यह दिनचर्या दृष्टि में सुधार करने में मदद करती है। यह डिजिटल आंखों के तनाव को कम करने में भी मदद करती है, आंखों के सूखेपन को रोकती है और आंखों के क्षेत्र में रक्त परिसंचरण को बढ़ाती है, जिससे एकाग्रता में सुधार शामिल है। अपनी आंखों का ख्याल रखना, मेरे प्यारे इंस्टा परिवार, यह एक ऐसा उपहार है जिसे हमें कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। अभिनेत्री ने आंखों पर तनाव कम करने के लिए नेत्र योग कैसे करें, इसका एक वीडियो भी पोस्ट किया।

मुझे आयुष्मान खुराना प्रेरित करते हैं : गजराज राव

नई दिल्ली (भाषा)। 'माजा मा', 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान' और 'मेड इन चाइना' जैसी हास्य फिल्मों में बेहतरीन अभिनय के लिए जाने जाने वाले गजराव राव ने कहा कि उनके पास जब भी सामाजिक संदेश वाली किसी हल्की-फुल्की फिल्म की पटकथा आती है, तो वह अक्सर सोचते हैं कि अभिनेता आयुष्मान खुराना इसे किस प्रकार देखेंगे। राव की तरह खुराना को भी ऐसी हास्य फिल्मों के लिए जाना जाता है, जिनमें समाज के लिए कोई संदेश होता है। दोनों अभिनेताओं ने 'बधाई हो' और 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान' में साथ अभिनय किया है। राव ने एक डिजिटल साक्षात्कार में कहा, 'नियमित जीवन उबाऊ हो जाता है। कलाकार को ऐसी फिल्मों में काम करना चाहिए, जो आम फिल्मों से अलग हों। मैं भाग्यशाली हूं कि 'ब्लैक फ्राइडे', 'बैंडिट क्वीन', 'तलवार' और 'आमिर' जैसी फिल्मों का प्रस्ताव मुझे मिला, लेकिन 'बधाई हो' में काम करने के बाद रचनात्मक व्यक्ति के रूप में आयुष्मान ने मुझे प्रेरित किया। मैं अनुभव और उम्र के मामले में भले ही उनसे (आयुष्मान से) थोड़ा वरिष्ठ हूं, लेकिन... जब भी कोई ऐसी (सामाजिक संदेश देने वाली हास्य) पटकथा मेरे पास आती है, तो मैं सोचता हूं कि आयुष्मान इसकी परिकल्पना कैसे करेंगे या वह इसके साथ क्या करेंगे।'

अभिनेता ने जोखिम उठाने के लिए खुराना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'वह आसानी से रोमांटिक कॉमेडी कर सकते हैं, लेकिन वह हर फिल्म में जोखिम मोल लेते है। वह जानते हैं कि उनकी हर फिल्म बहुत सफल नहीं होने वाली। कुछ कहानियां लोगों तक नहीं पहुंचेंगी और शायद वे उसे स्वीकार नहीं करेंगे, लेकिन वह अपना रास्ता नहीं बदल रहे।' राव 'थाई मसाज' फिल्म में नजर आएंगे, जिसमें वह एक छोटे शहर में अकेले रहने वाले 70 वर्षीय व्यक्ति की भूमिका निभा रहे है। अभिनेता ने कहा कि वह इस फिल्म में आत्माराम दुबे नाम के व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं, जो जीवन भर अपनी इच्छाओं को दबाने के बाद उन्हें पूरा करने के लिए थाईलैंड जाने का साहस करता है।

'फोन भूत' ने पहले हफ्ते कमाए 7.85 करोड़

मुंबई (भाषा)। हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'फोन भूत' ने अपनी रिलीज के पहले सप्ताह में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 7.85 करोड़ रुपये की कमाई की है। फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी। 4 नवम्बर को रिलीज हुई इस सुपरनैचुरल-कॉमेडी फिल्म में कैटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का निर्माण फरहान अख्तर और रितेश सिद्धवानी के नेतृत्व वाली प्रोडक्शन कंपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट ने किया है। एक्सेल एंटरटेनमेंट ने एक बयान जारी कर फिल्म की कमाई के बारे में जानकारी दी। एक्सेल एंटरटेनमेंट ने बयान में कहा कि फिल्म ने पहले दो दिन क्रमशः 2.05 करोड़ रुपये और 2.75 करोड़ रुपये जुटाए। फिल्म ने तीसरे दिन 3.05 करोड़ रुपये की कमाई की, जिसके साथ फिल्म ने शुरुआती सप्ताह में कुल 7.85 करोड़ रुपये की कमाई की।

13 जनवरी को रिलीज होगी अर्जुन कपूर की 'कुत्ते'

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर की आने वाली फिल्म कुत्ते 13 जनवरी 2023 को रिलीज होगी। बॉलीवुड फिल्मकार विशाल भारद्वाज के बेटे आसमान भारद्वाज के निर्देशन में बनी फिल्म 'कुत्ते' में अर्जुन कपूर मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म कुत्ते की रिलीज डेट सामने आ गई है। इस फिल्म में अर्जुन कपूर के अलावा नसीरुद्दीन शाह, कोंकणा सेन शर्मा, तब्बू, कुमुद मिश्रा, राधिका मदान और शर्दुल भारद्वाज भी नजर आएंगे। यह फिल्म 13 जनवरी 2023 में रिलीज होने वाली है। गौरतलब है कि 'कुत्ते' का निर्माण लव फिल्म्स और विशाल भारद्वाज फिल्म्स के बैनर तले लव रंजन, विशाल भारद्वाज, अंकुर गर्ग और रेखा भारद्वाज ने किया है। वहीं, इसे गुलशन कुमार और भूषण कुमार की टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। आसमान भारद्वाज निर्देशत यह फिल्म एक सस्पेंस थ्रिलर है।

ईयू फिल्म फेस्टिवल : दिखाई जा रही 27 देशों की फिल्में

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

दो साल के ठहराव के बाद हाल ही में यूरोपीय यूनियन फिल्म फेस्टिवल (ईयूएफएफ) ने राजधानी दिल्ली में सिनेमा के दीवानों के बीच दस्तक दी है। 13 नवम्बर तक चलने वाले 27वें ईयूएफएफ समारोह में यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों की 23 भाषाओं में बनी 27 फिल्मों को प्रदर्शित किया जा रहा है। ये फिल्में अपनी कहानियों के माध्यम से यूरोप की जिंदगी में झांकने और उसका अनुभव करने का अवसर प्रदान करेंगी और दिल्ली बैठे यूरोप की सैर करायेंगी।

27वां यूरोपीय यूनियन फिल्म फेस्टिवल (ईयूएफएफ) किसी भी सिनेप्रेमी के लिए अच्छा अवसर है क्योंकि फेस्टिवल में प्रदर्शित हो रही हर फिल्म अपने आप में अलग है, लेकिन इनमें से भी 10 फिल्में ऐसी है, जिन्हें शायद कोई भी सिनेप्रेमी देखने से नहीं चूकना चाहेगा। क्यूरेटर वेरोनिका फ्लोरा और वैलेरियो केरुसो ने कहा कि इस फिल्मोत्सव में अलग-अलग थीम और जोनर की फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। इनमें हंसाने और रुलाने की ताकत है। ये फिल्में हर सिनेमाप्रेमी को देखनी चाहिए। सभी फिल्मों के अंग्रेजी सबटाइटल होंगे और पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर प्रवेश मिलेगा।

टॉप 10 फिल्मों की सूची में ग्रेगरी मैग्ने के निर्देशन में फ्रेंच में बनी 'परफ्यूम्स' मानवता की कहानी कहती है। निर्देशक सोनिया लिजा केंटरमैन की फिल्म 'टेलर' ग्रीस के कुछ स्थानीय मुद्दों को छूते हुए एक सार्वभौमिक कहानी कहती है। निर्देशक जेन बुवेनिसेकडेनिसा ग्रिमोवा की 'इवन माइस बिलॉन्ग इन हेवन' प्रेम एवं साहस की कहानी है। निर्देशक विक्टर बोजिनोव की फिल्म 'द नेक्ड ट्रुथ अबाउट झिगुली बैड' बुल्गारिया भाषा की फिल्म है। स्लोवेनिया के निर्देशक मिरोस्लेव मैंडिक की फिल्म 'सैनेरेमो' भी रोमांस की कहानी कहती है। डेनमार्क के जोनास पोहर रासम्यूजन की फिल्म 'राइडर्स ऑफ जस्टिस' अचानक एक-दूसरे से जुड़ गई जिंदगियों और उनकी तकदीर की कहानी दिखाती है। इटली के निर्देशकों ओर्सो मियाकावा और पीटर मियाकावा की फिल्म 'ईजी लिविंग' एक कॉमेडी फिल्म है। स्वीडन के पीटर ग्रोनलुन की फिल्म 'कॉमेडी क्वीन' साइकोलॉजिस्ट जेनी जेगरफेल्ड की बच्चों पर लिखी लोकप्रिय किताब पर आधारित है। निर्देशक बार्तोश ब्लेश्क ने म्यूजिशियन गर्जेगोर्ज प्लोंका के जीवन की सच्ची कहानी पर फिल्म 'सोनाटा' को तैयार किया है। ऑस्ट्रिया के डायरेक्टर एमन टी. रियाही की जर्मन भाषा में बनी फिल्म 'फॉक्स इन ए होल' समाज के चेहरे को सामने लाने वाली फिल्म है।

यूरोपीय यूनियन फिल्म फेस्टिवल एक वार्षिक आयोजन है, जिसमें यूरोपीय सिनेमा की विविधता, रचनात्मकता एवं संस्कृति की झलक दिखती है। भारत में यूरोपीय यूनियन के प्रतिनिधिमंडल, ईयू के सदस्य देशों के दूतावासों और स्थानीय साझेदारों के सहयोग से आयोजित होने वाले ईयूएफएफ के दौरान इस साल यूरोपीय यूनियन एवं भारत के बीच कूटनीतिक संबंधों के 60 वर्ष होने का उत्सव भी मनाया जा रहा है। यूरोपीय यूनियन और भारत, दोनों ही स्थानों पर कहानियां लोकप्रिय है और यह उत्सव दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान की दिशा में एक अहम कदम है। नई दिल्ली में तीन स्थानों - इंडिया हैबिटेट सेंटर, इंस्टीट्यूटो सर्वेंटेस और इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में इस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा।

'परफ्यूम्स'

'इवन माइस बिलॉन्ग इन हेवन'

15 फिल्में 'स्वर्ण मयूर' की दौड़ में शामिल

■ नई दिल्ली (आईएएनएस)।

53वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में 15 फिल्में प्रतिष्ठित स्वर्ण मयूर हासिल करने की दौड़ में हैं। इन फिल्मों में कश्मीरी पंडितों के पलायन पर बनी फिल्म द कश्मीर फाइल्स भी शामिल है।

महोत्सव का आयोजन गोवा में 20 नवम्बर से 28 नवम्बर, 2022 तक होगा। इन फिल्मों में 12 अंतरराष्ट्रीय और तीन भारतीय फिल्में शामिल हैं जो कला के माध्यम से कोई न कोई संदेश देती हैं। तीसरे इफ्फी में पहली बार स्वर्ण मयूर पुरस्कार दिया गया था। उसके बाद से यह पुरस्कार एशिया में सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार माना जाने लगा है। निर्णायक-मंडल के सामने इस वर्ष के विजेता का चुनाव करने का लगभग असंभव सा काम था। उन्हें इस्राइली लेखक और फिल्म निर्देशक नदव लैपिड, अमेरिकी निर्माता जिनको गोटोह, फ्रांसीसी फिल्म-संपादक पास्कल शावान्स, फ्रांसीसी वृतचित्र निर्माता, फिल्म आलोचक और पत्रकार जावियेर आगुलो बातूर्रेन तथा भारत के अपने फिल्म निर्देशक सुदीप्तो सेन जैसे महारथियों में से चुनाव करना था।

■ भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

■ इन फिल्मों में कश्मीरी पंडितों के पलायन पर बनी फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' भी शामिल

द कश्मीर फाइल्स हिन्दी फिल्म 1990 को हुए कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है। इसे विवेक अग्निहोत्री ने निर्देशित किया है। कहानी फिल्म के मुख्य पात्र कृष्णा के सहारे आगे बढ़ती है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के मुताबिक इस बार की कठिन प्रतिस्पर्धा में परफेक्ट नंबर फिल्म भी शामिल है। यह ड्रामा पोलिश फिल्म निर्माता क्रिज्तोफ जानुसी की फिल्म है, जो नैतिकता और नश्वरता पर मंथन करती है। इसे इटली और इस्राइल ने मिलकर बनाया है।

वहीं इस रेस में शामिल एक अन्य फिल्म रेड शूज को मैक्सिको के कार्लोस आइकिलमैन कायसर ने बनाया है। यह बहुत संवेदनशील और भावुक फिल्म है। यह कहानी एक किसान की है, जो एकांत में रहता है। उसे अपनी बेटी की मृत्यु का समाचार मिलता है। फिल्म धीरे-धीरे आगे बढ़ती है और दिखाती है कि किस तरह वह किसान अपनी बेटी के शव को लाने की कोशिश करता है।

ए माइनर (2022) फिल्म, एक लड़की के बारे में है, जो अपने पिता के विरोध के बावजूद संगीतकार बनना चाहती है। परिवार के सदस्यों के बीच व्याप्त जटिल रिश्तों, माता-पिता व बच्चे के बीच भिन्न-भिन्न आकांक्षाएं तथा संगीत का जादू इस फिल्म की विषयवस्तु है। नो एन्ड (2021) मूवी में ईरानी ड्रामा में ईरान की खुफिया पुलिस की साजिशों और कारनामों को दर्शाया गया है।

दीपमाला की अद्भुत छटा से जगमग हुआ संगम क्षेत्र

गंगा आरती सहित विभिन्न कार्यक्रमों ने बांधा समा

प्रयागराज (ब्यूरो)। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को जिला प्रशासन एवं प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा संगम क्षेत्र में देव दीपावली के पावन पर्व का भव्य आयोजन किया गया। संगम नोज तथा आस-पास के घाटों को लगभग 11 लाख से अधिक दीपो से भव्य रूप से सजाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगणों द्वारा दीप विन्यास का अवलोकन एवं सेल्फी प्वाइंट पर फोटोग्राफी द्वारा किया गया। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया तथा गंगा आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लेजर शो, आतिशबाजी तथा मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत एवं अधिकारीगणों द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। देव दीपावली के अवसर पर मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एमके गुप्ता, विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी समेत अन्य उपस्थित जनों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां त्रिवेणी की भव्य रूप से आरती की गयी एवं दीप दान किया गया।

पिछले 24 घंटे में कोरोना से 1,252 लोग हुए स्वस्थ

नई दिल्ली, (एजेंसी)। देश में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 संक्रमण से 1,252 मरीजों की सेहत में सुधार हुआ है, जिससे अब कोरोना से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,16,492 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 930 नए मामले सामने आने के साथ संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,46,61,516 तक पहुंच गई है और सक्रिय मामले 324 हैं एवं सक्रिय दर 0.03 प्रतिशत है। इसी अवधि में कोरोना से दो मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा 5,30,509 हो गया है और मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत और स्वस्थ दर 98.78 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में आठ राज्यों में कोराना के मामलों में बढ़ोतरी हुई है और अन्य राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में इसके मामलों में कमी देखी गयी है। सबसे ज्यादा कर्नाटक में 90 कोरोना मामलों में बढ़ोत्तरी हुई है।

अकाली दल ने बीबी जागीर कौर को किया निष्कासित

चंडीगढ़, (एजेंसी)। शिरोमणि अकाली दल ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) को तोड़ने की साजिश रचने सहित पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पार्टी की वरिष्ठ नेता बीबी जागीर कौर को सोमवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। अनुशासन कमेटी के अध्यक्ष सिकंदर सिंह मलूका ने सोमवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा करते हुए कहा कि बीबी जागीर कौर के खिलाफ सभी विकल्पों का इस्तेमाल करने के बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। पार्टी ने हमेशा एसजीपीसी अध्यक्ष पद के लिए एक उम्मीदवार खड़ा करके पंथक एकता पेश करने की कोशिश की है, क्योंकि पार्टी अध्यक्ष सभी सदस्यों के विचार व्यक्तिगत रूप से लेते हैं।

शिवकुमार पेश नहीं हुए, मांगा दो सप्ताह का समय

बेंगलुरु, (एजेंसी)। कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने सोमवार को नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के समक्ष पेश नहीं होने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि वह केंद्रीय एजेंसी के समक्ष खुद को उपलब्ध कराने के पहले से तय राजनीतिक बाध्यताओं के चलते दो सप्ताह का समय मांगेंगे। उन्होंने कहा कि मैं ईडी के सम्मन का सम्मान करता हूं। मुझे यह पता है, लेकिन मेरी व्यस्तता है। इस कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोग शामिल होंगे और मेरे एआईसीसी अध्यक्ष कर्नाटक में हैं। उन्होंने यहां मीडिया से कहा कि मेरे भी राजनीतिक दायित्व हैं। मैं ईडी के सम्मन से नहीं भागूंगा। मैं उन्हें जवाब दूंगा। उन्होंने कहा कि मैं अपनी जिम्मेदारी जानता हूं। इसलिए मैं समय मांगता हूं। मैं सम्मन छोड़ना नहीं चाहता, लेकिन यह अपरिहार्य है।

आज का इतिहास

- **1945** : हांगकांग में नौका दुर्घटना में 1550 लोगों की मौत हुई।
- **1956** : संयुक्त राष्ट्र(संरा) ने तत्कालीन सोवियत संघ से यूरोपीय देश हंगरी से हटने की अपील की।
- **1957** : ब्रिटेन ने क्रिसमस द्वीप समूह के समीप परमाणु परीक्षण किया।
- **1967** : अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- **1988** : चीन में विनाशकारी भूकंप से 900 लोगों की मौत हुई।
- **1992** : जर्मनी की राजधानी बर्लिन में नस्लवाद के खिलाफ हुए प्रदर्शन में तीन लाख लोगों ने हिस्सा लिया।
- **1998** : बांग्लादेश में देश के प्रथम प्रधानमंत्री शेखमुजीबुर्रहमान की हत्या में 15 लोगों को मृत्युदंड।
- **1999** : राहुल द्रविड और सचिन तेंदुलकर ने एक दिवसीय क्रिकेट मैच में 331 रन की साझेदारी कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया।

आजम परिवार को झटके पर झटका, पिता की गई विधायिकी

अब बेटे अब्दुल्ला से होगी 65. 68 लाख की वसूली

रामपुर ■ एजेंसी

आजम परिवार को एक के बाद एक झटका लग रहा है। पहले पिता आजम खान और माता तंजीन समेत अब्दुल्ला खुद जेल में रहे। फिर सपा नेता आजम खां की विधायिकी चली गई। अब अब्दुल्ला आजम से रिकवरी की तैयारी की जा रही है।

सपा विधायक अब्दुल्ला आजम को अब वर्ष 2017 से 2019 तक विधायक रहने के दौरान लिए गए वेतन और भत्ते के 65.68 लाख रुपए लौटाने होंगे। हाईकोर्ट से उनका निर्वाचन शून्य घोषित किए जाने के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर उनकी याचिका खारिज होने के बाद पूर्व में जारी किए गए नोटिस के परिप्रेक्ष्य में यह रिकवरी होगी। उधर, भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने एक बार फिर विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर सपा विधायक से रिकवरी कराने को पत्र लिखा है।

सपा नेता मोहम्मद आजम खां के बेटे और वर्तमान में सपा के विधायक अब्दुल्ला आजम 2017 में स्वार विधानसभा सीट से सपा प्रत्याशी के रूप में पहली बार विधायक चुने गए थे। नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने हाईकोर्ट में उनके निर्वाचन को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। इस पर हाईकोर्ट ने 16 दिसंबर 2019 को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर चुनाव लड़ने का दोषी मानते हुए अब्दुल्ला आजम का निर्वाचन शून्य करार दे दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब्दुल्ला आजम को विधानसभा सदस्य पद से भी हटा दिया गया था। इसके खिलाफ अब्दुल्ला आजम ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

अब्दुल्ला उक्त राशि राजकोष में जमा करा दें

उधर, इस संबंध में भाजपा नेता आकाश सक्सेना की ओर से 2020 में विधानसभा अध्यक्ष और प्रमुख सचिव विधानसभा को पत्र लिखकर अब्दुल्ला आजम से वेतन और भत्ते की वसूली की मांग करते हुए पत्र लिखा था। इसके बाद विधानसभा के मुख्य लेखाधिकारी एवं उप सचिव अनुज कुमार पांडेय ने अब्दुल्ला को वसूली का नोटिस भेजा था। इसमें स्पष्ट किया था कि अब्दुल्ला ने 14 मार्च 2017 से 16 दिसंबर 2019 उन्हें वेतन और भत्तों के रूप में 6568713 रुपए का भुगतान किया गया है। अब अब्दुल्ला उक्त राशि राजकोष में जमा करा दें।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान केस में पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट की एंट्री

पंजाब सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम, स्वतः संज्ञान लेने की दी चेतावनी

इस्लामाबाद ■ एजेंसी

इमरान खान पर हुए जानलेवा हमले के केस में अब पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट की भी एंट्री हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के पुलिस प्रमुख फैसल शाहकर को 24 घंटे के भीतर मामले में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताई कि अभी तक मुकदमा क्यों नहीं लिखा गया। अगर ऐसा ही रहा तो सुप्रीम कोर्ट मामले का स्वतः संज्ञान लेगा। बता दें कि 3 नवंबर को पीटीआई के मार्च के दौरान हुए जानलेवा हमले में इमरान खान के पैर पर गोली लग गई थी। इस घटना में एक की मौत हो गई थी और 11 लोग घायल हो गए थे।

दरअसल, पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) उमर अता बंदियाल ने इमरान खान पर हुए जानलेवा हमले में प्राथमिकी दर्ज नहीं होने पर स्वतः संज्ञान लेने की चेतावनी दी। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, सीजेपी ने पंजाब के महानिरीक्षक (आईजी) फैसल शाहकार से भी पूछा कि मामले में प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं की गई? पाकिस्तान के चीफ जस्टिस ने पूछा कि हमें बताएं कि प्राथमिकी कब दर्ज की जाएगी? प्राथमिकी दर्ज नहीं करने का एक ठोस कारण होना चाहिए। सीजेपी ने आईजी को मामले की जांच के लिए अधिकारियों को बुलाने का निर्देश देते हुए कहा कि कानून के अनुसार काम करना है, अदालत आपके साथ है।

पुलिस की दलील

आईजी शाहकर जिन्होंने पंजाब सरकार से अलग होने का फैसला किया है ने कोर्ट को सूचित किया कि हमने प्राथमिकी दर्ज करने के संबंध में पंजाब के सीएम से बात की है लेकिन उन्होंने कुछ आपत्तियां व्यक्त की हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा

शाहकर ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पंजाब ने चार साल में आठ आईजी देखे हैं। सीजेपी ने प्रांतीय पुलिस प्रमुख को आश्वासन दिया कि जब तक वह आईजी के पद पर तैनात हैं, तब तक कोई भी उनके काम में हस्तक्षेप नहीं करेगा। कहा कि आईजी साहब, आप अपना काम करो। अगर कोई हस्तक्षेप करता है, तो अदालत उनके काम में हस्तक्षेप करेगी। गौरतलब है कि बीते 3 नवंबर को पंजाब के वजीराबाद में पार्टी के लंबे मार्च का नेतृत्व करते हुए इमरान खान पर जानलेवा हमला हुआ था। इस घटना में पीटीआई समर्थक मुअज्जम नवाज की मौत हो गई थी, जबकि इमरान सहित 11 अन्य घायल हो गए थे।

महोत्सव के लिए मिलकर काम करने की जरूरत

पणजी,(एजेंसी)। केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने सोमवार को 53वें अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) की तैयारियों की समीक्षा की। मंत्री ने विभिन्न आयोजन स्थलों का भ्रमण किया और जितना जल्दी संभव हो कार्यशील करने पर जोर दिया। अपूर्व चंद्रा, सचिव, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, मोनीदीपा मुखर्जी, महानिदेशक, (पश्चिम क्षेत्र), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, रवींद्र भाकर प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी), प्रतुल कुमार, संयुक्त सचिव (फिल्म), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, ओमवीर सिंह बिशनोई, पुलिस महानिरीक्षक, गोवा, सुभाष चंद्रा, सचिव, सूचना एवं जनसंपर्क, गोवा सरकार, स्वेतिका सचान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एंटरटेनमेंट सोसाइटी ऑफ गोवा और अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने की आईएफएफआई 53 की तैयारियों की समीक्षा

केंद्रीय मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने आईएफएफआई में होने वाले विभिन्न आयोजनों के लिए तैयार किए जा रहे स्थलों जैसे फिल्म बाजार और राज्यों के पैवेलियन का भ्रमण किया। आयोजन स्थलों के तैयारी के विभिन्न चरणों में होने को देखते हुए मंत्री ने आग्रह किया कि जितना जल्दी संभव हो इनका कार्य पूरा किया जाए। इस दौरान केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री ने आयोजन की सफलता के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

बिहार पुलिस के साथ एनकाउंटर में शराब माफिया जटा यादव ढेर

बेतिया, (एजेंसी)। बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले में रविवार देर रात पुलिस की शराब माफिया से मुठभेड़ हो गई। एनकाउंटर के दौरान कुख्यात जटा यादव को पुलिस ने गोली मारकर ढेर कर दिया। दोनों तरफ से करीब 50 राउंड फायरिंग हुई। पुलिस ने मौके से एक ट्रेलर शराब जब्त की है। एनकाउंटर श्रीनगर थाना इलाके में दियारा के चैनपट्टी घाट पर हुआ।

बताया जा रहा है कि शराब को लेकर पुलिस रात दो बजे गंडक नदी के दियारा में छापेमारी करने पहुंची। इस पर जटा यादव के गिरोह ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस दौरान जटा यादव समेत अन्य ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। दोनों तरफ से 50 राउंड से ज्यादा गोलियां चलीं। दियारा इलाका सुबह पांच बजे तक गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्राता रहा।

गंडक के रास्ते यूपी से हो रही थी शराब की तस्करी : पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात जटा यादव मारा गया। मौके से पुलिस ने चार खोखे बरामद किए और एक ट्रेलर शराब जब्त की है। जटा यादव गिरोह के आधा दर्जन बदमाशों के घायल होने की सूचना है। बता दें कि माफिया नौतन और बैरिया में गंडक नदी के रास्ते यूपी से शराब की तस्करी करके पूर्वी और पश्चिमी चंपारण जिले समेत उत्तर बिहार के अन्य हिस्सों में सप्लाई कर रहे थे। पुलिस को सूचना मिली की बैरिया प्रखंड के चैनपट्टी घाट पर शराब की बड़ी खेप आने वाली है। इसी आधार पर श्रीनगर, बैरिया, नौतन समेत चार थानों की पुलिस कार्रवाई करने देर रात गंडक नदी के दियारे पर पहुंची।

जरकीहोली ने हिंदू शब्द को लेकर की टिप्पणी

निप्पनी (एजेंसी)। कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सतीश जरकीहोली के 'हिंदू' शब्द का अर्थ को लेकर की गयी टिप्पणी से विवाद खड़ा हो गया है।

श्री जरकीहोली ने रविवार को यहां मानव बंधुत्व वेदिके की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू एक भारतीय शब्द नहीं है, बल्कि फारसी है। फिर, आप इसे कैसे स्वीकार कर सकते हैं? इस पर बहस होनी चाहिए। आप व्हाट्सएप और विकिपीडिया की जांच कर सकते हैं, आपको पता चल जाएगा (यह शब्द कहां से आया है। उन्होंने कहा कि यह शब्द हम पर क्यों थोपा गया है। अगर आप इसका अर्थ जानते हैं तो आपको शर्म आएगी। इस टिप्पणी के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रतिद्वंद्वी दलों ने श्री जरकीहोली पर निशाना साधा है।

गुप्ता ने ग्रहण किया अपर महाप्रबंधक का पदभार

प्रधान मुख्य इंजीनियर, पूर्वोतर रेलवे में थे तैनात

प्रयागराज, (ब्यूरो)। सीपी गुप्ता ने उत्तर मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। उत्तर मध्य रेलवे में अपर महाप्रबंधक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वे प्रधान मुख्य इंजीनियर, पूर्वोत्तर रेलवे के पद पर तैनात थे। सीपी गुप्ता ने एचबीटी आई, कानपुर से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक किया और आईआईटी, दिल्ली से भू-तकनीकी इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर किया।

श्री गुप्ता आईआरएसई के 1986 बैच से हैं और जून 1988 भारतीय रेलवे में शामिल हुए। उनके पास रख-रखाव, निर्माण संगठनों के साथ-साथ रेलवे में विभिन्न प्रशासनिक क्षमताओं में व्यापक कार्य अनुभव है। उन्होंने मुख्य इंजीनियर/ ट्रैक मशीन, मुख्य इंजीनियर/ सामान्य, मुख्य इंजीनियर/ कार्य और मुख्य ट्रैक इंजीनियर के रूप में उत्तर मध्य रेलवे में अपने कार्यकाल के दौरान बहुत योगदान दिया है। उन्होंने प्रयागराज मंडल में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/ समन्वय, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/ मुख्यालय जैसे महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उन्होंने कटिहार में मंडल रेल प्रबंधक के रूप में काम किया है। डीएफसीसीआईएल में मुख्य परियोजना प्रबंधक और महाप्रबंधक/सीपीएम/कानपुर उत्तर रेलवे में प्रधान मुख्य इंजीनियर और सीपीडी/ एसडी और विभिन्न क्षमताओं में आरडीएसओ, कोंकण रेलवे और पूर्वोत्तर में भी काम किया।

कार्रवाई — दुबई भागने की फिराक में थे हामिद करजई के भाई महमूद करजई,

एयरपोर्ट से तालिबान ने हिरासत में लिया

काबुल, (एजेंसी)। अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई के भाई महमूद करजई को तालिबानियों ने रविवार को हिरासत में ले लिया। तालिबान के प्रवक्ता ने बताया कि पूर्व अर्बन डेवलपमेंट एंड लैंड मिनिस्टर पर कानूनी मामलों के चलते विदेश जाने से रोक है। रिपोर्ट के मुताबिक, फ्लाइट पर सवार होने से ठीक पहले ही उन्हें हिरासत में ले लिया गया। महमूद करजई अफगानिस्तान के बड़े बिजनेसमैन में से एक हैं।

तालिबान के प्रधानमंत्री कार्यालय से जुड़े एक शख्स ने नाम न बताने की शर्त पर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महमूद करजई को काबुल एयरपोर्ट से तालिबान की खुफिया सर्विस ने हिरासत में ले लिया। वह दुबई जाने वाली एरियाना एयरलाइन फ्लाइट पर सवार होने वाले थे। इस्लामिक अमीरात के डिप्टी प्रवक्ता बिलाल करीमी ने इसकी पुष्टि की कि महमूद करजई पर कानूनी मामलों के चलते अफगानिस्तान छोड़ने पर रोक है। इसी के चलते रविवार को उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

हामिद करजई की टिप्पणी से आहत हैं तालिबानी: सूत्रों का मानना है कि महमूद करजई की नजरबंदी के पीछे का मकसद उनके भाई हामिद करजई की राजनीतिक टिप्पणी हो सकती है। बताया जा रहा है कि हामिद के बयानों से तालिबानी काफी आहत हुए हैं। मालूम हो कि हामिद करजई और अब्दुल्ला अब्दुल्ला अफगानिस्तान के दो बड़े नेता हैं, जो तालिबान की ओर से अफगानिस्तान पर नियंत्रण करने के बाद भी देश में बने रहे।

महिलाओं के अधिकारों को लेकर हामिद ने उठाई आवाज

दरअसल, पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई महिलाओं के अधिकारों पर अंकुश लगाने को लेकर तालिबान सरकार की आलोचना करते रहे हैं। साथ ही वह तालिबान से समावेशी सरकार बनाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतिरोधी बलों (एनआरएफ) और अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात के बीच पंजशीर में संघर्ष के लिए तालिबान को फटकार लगाई है। देश में बढ़ती हत्याओं के बीच उन्होंने कहा कि समय आ गया है कि जब रक्तपात बंद होना चाहिए।

पिछड़ा वर्ग की योजनाओं का व्यापक प्रचार करें : कश्यप

लखनऊ, (ब्यूरो)। योगी सरकार सबका साथ सबका विकास के सूत्र को लेकर उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास को लेकर कृत संकल्प है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वाहन किया जा रहा है। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधिकारियों के साथ कक्ष संख्या-7 नवीन भवन सचिवालय में योजनाओं की समीक्षा बैठक की।

बैठक में विभाग की आगामी योजना तथा पूर्व से संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ व्यापक स्तर पर प्रत्येक लाभार्थी को प्राप्त हो, इसके लिए प्रचार-प्रसार से हर-घर व हर परिवार तक व्यापक सूचना पहुचाई जाए। मंत्री ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के द्वारा संचालित की जा रही योजनाएं पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना प्रदेश के वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए निर्गत समय सारणी अनुसार इस योजना के अंतर्गत ऑनलाइन कई आवेदन प्राप्त हुए हैं।

पहली बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने विराट कोहली

सिकंदर रजा और डेविड मिलर को पछाड़कर हासिल किया खिताब

दुबई। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अक्टूबर 2022 का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर खिताब जीत लिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। कोहली ने यह खिताब जीतने के लिए जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर को पछाड़ा दिया है।

कोहली को पहली बार इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया था। भारत के 33 वर्षीय बल्लेबाज ने इस माह के दौरान केवल चार मैच खेलकर क्रिकेट जगत को तीन यादगार पारियां दीं, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्वकप में खेली गई 82 रन की पारी भी शामिल है। कोहली ने मैच के बाद यह भी स्वीकार किया कि यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी थी। कोहली ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी से पहले गुवाहाटी में दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध टी-20 मैच में 28 गेंदों पर नाबाद 49 रन बनाये थे। इसके बाद उन्होंने टी20 विश्व कप में नीदरलैंड पर भारत की जीत में भी 44 गेंदों पर 64 रन का योगदान दिया था। मीडिया प्रतिनिधियों, आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल खिलाड़ियों, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और पंजीकृत प्रशंसकों के बीच हुए वैश्विक मतदान के बाद कोहली और निदा को विजेता घोषित किया गया। कोहली ने अक्टूबर में 205 रन बनाकर पहले बार आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार अपने नाम किया।

महिला वर्ग में पकिस्तान की निदा ने जीता पुरस्कार

एशिया कप में शानदार प्रदर्शन करने वाली पाकिस्तान की अनुभवी ऑलराउंडर निदा डार को महिला वर्ग में यह पुरस्कार जीता। निदा ने इस पुरस्कार की दौड़ में भारत की जेमिमा रोड्रिग्ज और दीप्ति शर्मा को पछाड़ा। भारत की एशिया कप में खिताब जीत के दौरान इन दोनों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। निदा ने अक्टूबर में 72.50 की औसत से 145 रन बनाने के अलावा आठ विकेट भी चटकाए। निदा ने सिलहट में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की ऐतिहासिक जीत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह ऑलराउंडर जब बल्लेबाजी के लिए उतरीं तो पाकिस्तान 33 रन पर तीन विकेट गंवाकर संकट में था। उनकी नाबाद 56 रन की पारी से पाकिस्तान 137 रन बनाने में सफल रहा।

सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना जाना बहुत सम्मान की बात: कोहली

कोहली ने आईसीसी की ओर से पुरस्कार मिलने के बाद कहा, मेरे लिए अक्टूबर का आईसीसी सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना जाना बहुत सम्मान की बात है। दुनियाभर के प्रशंसकों और पैनल द्वारा चुने जाना इस पुरस्कार को और भी खास बना देता है। कोहली ने कहा, मैं अन्य नामांकित व्यक्तियों को बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने महीने के दौरान इतना अच्छा प्रदर्शन किया और मेरे साथियों को भी, जो मेरी क्षमता के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मेरा समर्थन करना जारी रखते हैं। टी20 विश्व कप 2022 में सर्वाधिक रन बनाने वाले कोहली ने भारत को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। अब भारत को एडिलेड में 10 नवंबर को खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करना है।

टी-20 विश्वकप: एडिलेड पहुंची टीम इंडिया

बीसीसीआई ने शेयर किया वीडियो, सेमीफाइनल में इंग्लैंड से होगी भिड़ंत

एडिलेड। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 विश्वकप 2022 के सेमीफाइनल मुकाबले के लिए भारतीय टीम एडिलेड पहुच गई हैं। भारतीय टीम के एडिलेड स्थित होटल पहुंचने का वीडियो बीसीसीआई ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से शेयर किया है।

बीसीसीआई द्वारा शेयर किए गए वीडियो में देखने को मिल रहा है कि भारतीय टीम बस से उतरती हुई दिखाई दे रही है। वीडियो में सबसे पहले कप्तान रोहित शर्मा और उप-कप्तान केएल राहुल की झलक देखने को मिलती है, इसके बाद अन्य खिलाड़ी बस से उतरते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में विराट कोहली अपने स्वैग में नजर आते हैं वहीं अर्शदीप सिंह कैमरे की ओर देखकर सलाम ठोकते हैं। वीडियो में भारतीय टीम का एक फैन भी नजर आ रहा है जो कि भोपूं बजाकर टीम का स्वागत कर रहा हैं। वहीं खिलाड़ी भी उसे देखकर नमस्ते करते नजर आ रहे हैं। सोमवार को भारतीय टीम आराम करेगी। सेमीफाइनल मैच के लिए अभ्यास मंगलवार सुबह साढ़े दस बजे से शुरू होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच एडिलेड ओवल में गुरुवार 10 नवंबर को सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा। इसी मैदान पर भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच खेला था और इस मैच में भारत ने जीत हासिल की थी।

सुपर-12 में शीर्ष पर रहा भारत

टी-20 विश्वकप 2022 के सुपर-12 में भारतीय टीम ने प्रदर्शन शानदार रहा। भारतीय टीम ने ग्रुप-2 की अंकतालिका में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस दौरान भारत ने सुपर-12 में 5 में से 4 मैच जीते। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट का आगाज चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान पर धमाकेदार जीत के साथ किया था। इसके बाद भारतीय टीम ने नीदरलैंड्स पर जीत दर्ज की। शुरुआती दो मैच जीतने के बाद भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, हालांकि इसके बाद भारतीय टीम ने वापसी कर बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के खिलाफ लगातार दो मैच जीते।

चोट के कारण भारत के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले से बाहर हो सकते हैं डेविड मलान

इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली ने कहा है कि उनके साथी और बाएं हाथ के बल्लेबाज डेविड मलान भारत के खिलाफ यहां 10 नवंबर को होने वाले टी-20 विश्वकप सेमीफाइनल से बाहर रह सकते हैं। विश्व के पूर्व नंबर एक टी-20 बल्लेबाज मलान को श्रीलंका के विरुद्ध इंग्लैंड के आखिरी सुपर-12 मैच के दौरान ग्रोइन की चोट आई थी। मलान ने चोट की वजह से बल्लेबाजी भी नहीं की थी। इस मैच में इंग्लैंड ने चार विकेट की जीत दर्ज की थी। मोईन ने कहा, जाहिर तौर पर मलान एक बड़े खिलाड़ी हैं। कई वर्षों से वह हमारे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। मुझे नहीं पता, लेकिन सच कहूं तो स्थिति बहुत अच्छी नहीं लग रही है। कल उनका स्कैन हुआ था। हम अभी बहुत कुछ नहीं जानते हैं लेकिन मुझे नहीं लगता कि स्थिति बहुत अच्छी है। मोईन ने कहा यदि मालन भारत के खिलाफ नहीं खेलते तो फिलिप साल्ट एकादश में उनकी जगह ले सकते हैं। बल्लेबाजी क्रम में हालांकि नंबर तीन की भूमिका निभाने के लिए बेन स्टोक्स पसंदीदा खिलाड़ी हैं। स्टोक्स ने श्रीलंका के खिलाफ भी यही भूमिका निभाई थी।मोईन ने सेमीफाइनल से पहले कहा कि उनकी टीम भारत की तुलना में कमजोर है। उन्होंने कहा, इंग्लैंड (भारत की तुलना में) कमजोर टीम है। भारत पिछले एक साल से शानदार खेल रहा है और अगर आप सिर्फ टूर्नामेंट को देखें तो भी वे अच्छा खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि हम भारत की अपेक्षा थोड़े पीछे हैं।

रबर बॉल से विकेट के पीछे खेलना सीखा: सूर्यकुमार यादव

भारत के 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने सोमवार को बताया कि उन्होंने बचपन में रबर बॉल से खेलते हुए विकेट के पीछे शॉट लगाना सीखा है। सूर्यकुमार ने बीसीसीआई की ओर से जारी एक वीडियो में अश्विन के साथ बातचीत में कहा, मैं अपने शुरुआती दिनों में दोस्तों के साथ घर के पास रबर की गेंद से क्रिकेट खेलता था। वह 17-18 गज की पिच पर दौड़कर रबर की गीली गेंद फेंका करते थे। यह शॉट वहीं से आए हैं, मैं नेट में इनका अभ्यास नहीं करता। सूर्यकुमार ने जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत के आखिरी सुपर-12 मुकाबले में भी अपनी चौतरफा बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने 25 गेंदों पर 61 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल थे। सूर्यकुमार ने कहा,सामने की बाउंड्री 80-85 मीटर की होती है। यहां (ऑस्ट्रेलिया में) दाएं-बाएं की बाउंड्री भी करीब 70 मीटर की हैं। सिर्फ विकेट के पीछे ही 60-65 मीटर की छोटी बाउंड्री है। मैं इसके साथ प्रयोग करने का प्रयास करता हूं।

भारत- इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल मैच में कुमार धर्मसेना और पॉल राइफल होंगे मैदानी अंपायर

आईसीसी ने टी-20 विश्वकप 2022 के सेमीफाइनल मैचों के लिए सोमवार को मैच अधिकारियों की पुष्टि की। एडिलेड ओवल में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल के लिए कुमार धर्मसेना और पॉल राइफल मैदानी अंपायर होंगे। क्रिस गैफनी तीसरे अंपायर होंगे। रॉड टकर चौथे अंपायर के रूप में काम करेंगे, जबकि डेविड बून मैच रेफरी होंगे। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच पहला सेमीफाइनल बुधवार, नौ नवंबर को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में होगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार, 10 नवंबर को एडिलेड ओवल में खेला जाएगा। नौ नवंबर को न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच सेमीफाइनल मैच में मरैस इरास्मस और रिचर्ड इलिंगवर्थ मैदानी अंपायर, रिचर्ड केटलबोरो थर्ड अंपायर, माइकल गॉफ चौथे अंपायर और क्रिस ब्रॉड मैच रेफरी की भूमिका में होंगे। वहीं 13 नवंबर को होने वाले फाइनल मुकाबले के लिए आईसीसी के अधिकारियों की नियुक्ति दोनों सेमीफाइनल मुकाबलों के नतीजे आने के बाद की जाएगी।

सुमित ने भारत का 11वां पदक सुनिश्चित किया

एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप: थाईलैंड के बोरवॉर्न को 3-2 से शिकस्त दी

अम्मान। भारतीय मुक्केबाज सुमित ने सोमवार को एएसबीसी एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वॉर्टरफाइनल में थाईलैंड के बोरवॉर्न कदमदुआन को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी और पदक सुनिश्चित किया।

थाईलैंड ओपन के मौजूदा चैंपियन सुमित ने पुरुषों के 75 किग्रा क्वॉर्टरफाइनल में अच्छी शुरुआत की और बोरवार्न के प्रहारों से बचते हुए जोरदार मुक्के मारे। बोरवार्न ने हालांकि आखिरी राउंड में वापसी की लेकिन यह उन्हें जीत दिलाने के लिये काफी नहीं था। सुमित अब कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित किया। सेमीफाइनल में सुमित का सामना उज्बेकिस्तान के जफारोव सैदजमशीद से होगा। सुमित ने शीर्ष-4 में पहुंचकर प्रतियोगिता में भारत के लिए 11वां पदक सुनिश्चित कर लिया है। भारत के

सचिन (71 किलो) और लक्ष्य चाहर (80 किलो) अपने अपने मुकाबले हारकर बाहर हो गए। सचिन को एशियाई खेल 2018 के रजत पदक विजेता कजाखस्तान के असलानबेक शिमबरजेनोव ने 4 -1 से हराया। वहीं लक्ष्य को उजबेकिस्तान के असलोनोव ओदिलजान ने 5-0 से शिकस्त दी।

कीनिया के चेबेट और लोकेडी ने जीती न्यूयॉर्क मैराथन

न्यूयॉर्क। कीनिया के इवांस चेबेट और शेरोन लोकेडी ने अपने पदार्पण पर ही रविवार को यहां क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में न्यूयॉर्क मैराथन का खिताब जीता। इन दोनों ने अपेक्षाकृत गर्म दिन में अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ा। चेबेट ने दो घंटे, आठ मिनट और 41 सेकेंड में दौड़ पूरी करके पहला स्थान हासिल किया। वह दूसरे स्थान पर रहे इथियोपिया के शूरा किताटा से 13 सेकंड आगे रहे। पुरुषों की दौड़ में तब हड़कंप मच गया जब 21 मील की दूरी पूरी करने के बाद ब्राजील के धावक डेनियल डो नैसिमेंटो नीचे गिर गए। आयोजकों ने बाद में बताया कि वह ठीक है। नैसिमेंटो ने तब बढ़त बना रखी थी। अमेरिका का कोई भी धावक फिर से खिताब जीतने में नाकाम रहा। अमेरिका ने 2009 के बाद न्यूयॉर्क मैराथन का खिताब नहीं जीता है। महिला वर्ग में यह लोकेडी की पहली मैराथन थी जिसमें उन्होंने बाजी मारी। उन्होंने दो घंटे, 23 मिनट और 23 सेकंड का समय लिया तथा इजराइल की लोना केमताई सालपेटर को पीछे छोड़ा।

जाखड़ ने विश्व चैंपियनशिप में भारत का खाता खोला

अल ऐन। भारतीय पैरा-शूटर राहुल जाखड़ ने यहां पैरा शूटिंग विश्व चैंपियनशिप में सोमवार को कांस्य पदक हासिल किया। जाखड़ ने टूर्नामेंट में भारत का खाता खोलने के लिये पी3 मिश्रित 25 मीटर पिस्टल एसएच1 प्रतियोगिता में 21 के स्कोर के साथ अपने हमवतन निहाल सिंह को शिकस्त दी। निहाल 20 पॉइंट के साथ चौथे स्थान पर रहे जबकि दो बार के पैरा ओलंपिक मेडलिस्ट सिंहराज अधाना ने 13 अंकों के साथ छठा स्थान हासिल किया। जाखड़ ने क्वॉलीफिकेशन राउंड में 582 के स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया था जबकि सिंहराज और निहाल क्रमशः सातवें एवं आठवें स्थान पर रहे थे। पैरा शूटिंग विश्व चैंपियनशिप का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में छह से 17 नवंबर तक किया जाएगा।

लक्ष्य सेन गले में संक्रमण के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हटे

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में स्वर्ण विजेता भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने गले में संक्रमण के कारण 15 से 20 नवंबर के बीच सिडनी में खेले जाने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है।

अल्मोड़ा के रहने वाला यह 21 वर्षीय खिलाड़ी हाइलो ओपन से ठीक पहले बीमार हो गया था। उन्होंने हालांकि इस टूर्नामेंट में भाग लिया था लेकिन वह पहले दौर में ही हांगकांग के एनजी का लॉन्ग एंगस से हार गए थे। सेन ने कहा, हाइलो ओपन के लिए सारब्रकेन पहुंचने से पहले ही मुझे बुखार, गले में दर्द और कमजोरी थी। मैं संभवतः पेरिस से यात्रा करते समय संक्रमित हो गया था। उन्होंने कहा, मुझे लगा कि यह गंभीर नहीं है और इसलिए मैंने पिछले रविवार और फिर सोमवार को अभ्यास किया। इसके बाद संक्रमण बढ़ गया। मैंने ऑनलाइन ही चिकित्सक की सलाह ली और फिर दवाइयां ली। अब यह नियंत्रण में है लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए मैंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हटने का फैसला किया है। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन ने कहा कि उनके पास विश्व टूर फाइनल के लिए क्वॉलीफाई करने का मौका नहीं है और इस टूर्नामेंट से हटने का एक कारण यह भी था। उन्होंने कहा, मैंने पहले ही टूर्नामेंट में खेलने के लिए आवेदन भेज दिया था क्योंकि मुझे लगा था कि इससे मुझे विश्व टूर फाइनल के लिए क्वॉलीफाई करने में मदद मिलेगी लेकिन अब यह संभव नहीं है। इसलिए बेहतर यही है कि कुछ सप्ताह विश्राम करके पूरी फिटनेस हासिल की जाए ताकि मैं अगले सत्र के लिए तैयार रहूं।

एशले बार्टी ने वापसी की अफवाहों को किया खारिज

मेलबर्न। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विश्व नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी एशले बार्टी ने कहा कि उनका संन्यास वापस लेने का कोई इरादा नहीं है। वह हाल ही में किसी इवेंट में हिस्सा लेने के लिए मेलबर्न पार्क में लौटी जहां इस साल उन्होंने आखिरी ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीता था। बार्टी ने इस साल मार्च में अपने 26वें जन्मदिन से एक महीने पहले संन्यास की घोषणा कर टेनिस जगत और अपने प्रशंसकों को चौंका दिया था। बार्टी ने 2019 में फ्रेंच ओपन, 2021 में विंबलडन और इस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता, और नंबर 1 पर लगातार 114 हफ्तों डब्ल्यूटीए टूर के इतिहास में चौथी सबसे अवधि दिन तक रहने वाली खिलाड़ी बनीं। बार्टी ने कहा, मैं पेशेवर टेनिस को अलविदा कह चुकी हूं, अब वापस आने का कोई इरादा नहीं है। ऐसी अफवाहें हैं कि बार्टी अपने संन्यास के फैसले को वापस लेने का फैसला कर सकती हैं, खासकर तब जब उन्होंने पहली बार टेनिस को एक युवा अवस्था में छोड़ दिया था।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में पहुंची आर्यना सबालेंका

इगा स्वियातेक को हराया, कैरोलिन से होगी भिड़ंत

फोर्ट वर्थ। बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच में बड़ा उलटफेर करते हुए शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया।

सबालेंका ने तीन सेट तक चले मुकाबले में स्वियातेक को 6-2, 2-6, 6-1 से शिकस्त दी। इस हार के साथ 21 वर्षीय स्वियातेक का शीर्ष 10 खिलाड़ियों के खिलाफ 15 मैचों से चला आ रहे विजय अभियान भी थम गया। फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन विजेता स्वियातेक के पास लगातार सर्वाधिक बार शीर्ष 10 खिलाड़ियों को हराने के स्टेफी ग्राफ के रिकॉर्ड की बराबरी करने का मौका था। ग्राफ ने 1987 में चोटी की 10 खिलाड़ियों के खिलाफ लगातार 17 मैच जीते थे। लेकिन इगा यह रिकॉर्ड तोड़ने से तीन कदम दूर रह गईं। फाइनल में सबालेंका की भिड़ंत फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया से होगी। जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में पांचवीं वरीय यूनान की 27 वर्षीय मारिया सकारी को 6-3, 6-2 से पराजित किया। युगल वर्ग में मौजूदा चैंपियन चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा और कैटरीना सिनियाकोवा की शीर्ष वरीय जोड़ी ने ल्यूडमिला किचेनोक और जेलेना ओस्टापेंको को 7-6, 6-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। उनका सामना रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा और बेल्जियम की एलिसे मर्टेंस की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।

गुणतिलका को सिडनी की अदालत ने जमानत देने से इंकार किया, एसएलसी ने निलंबित किया

सिडनी की एक स्थानीय अदालत ने श्रीलंका के क्रिकेटर धनुष्का गुणतिलका को एक महिला के यौन उत्पीड़न के मामले में सोमवार को जमानत देने से इनकार कर दिया जबकि उसके देश के क्रिकेट बोर्ड ने उसे तुरंत प्रभाव से सभी तरह की क्रिकेट से निलंबित कर दिया। इकतीस वर्ष के गुणतिलका को श्रीलंका टीम के आस्ट्रेलिया से रवाना होने से ठीक पहले रविवार को तड़के गिरफ्तार किया गया था। उसने स्थानीय अदालत के सरी हिल्स विभाग में एक वीडियो लिंक के जरिए सुनवाई में भाग लिया। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार सुनवाई में वर्चुअल उपस्थिति के दौरान गुणतिलका को हथकड़ी पहनाई गई थी। उसने सफेद रंग की टीशर्ट और नीली जींस पहन रखी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके वकील आनंद अमरनाथ ने सुनवाई के दौरान जमानत की अर्जी दी थी लेकिन मजिस्ट्रेट रॉबर्ट विलियम्स ने जमानत देने से इनकार कर दिया। रिपोर्ट में अमरनाथ के हवाले से कहा गया है, निश्चित तौर पर हम सुप्रीम कोर्ट में याचिका डालने पर विचार कर रहे हैं और यह जितना संभव हो उतनी जल्दी किया जाएगा। निश्चित तौर पर वह निराश होगा। श्रीलंका की टीम शनिवार को टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद गुणतिलका के बिना स्वदेश रवाना हो गई थी। अमरनाथ ने कहा की वह जानते हैं कि उनकी टीम के कुछ अधिकारी अभी ऑस्ट्रेलिया में हैं। कोलंबो में श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने इस क्रिकेटर को निलंबित कर दिया। देश की सरकार ने श्रीलंका क्रिकेट को इस घटना की जांच शुरू करने के निर्देश दिए थे। श्रीलंका क्रिकेट ने बयान में कहा,श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) की कार्यकारी समिति ने राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी धनुष्का गुणतिलका को तुरंत प्रभाव से सभी तरह की क्रिकेट से निलंबित करने का फैसला किया है तथा चयन के लिए उसके नाम पर विचार नहीं किया जाएगा। गुणतिलका के ऑस्ट्रेलिया में एक महिला के यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के बाद बोर्ड ने यह फैसला किया। बोर्ड ने आगे कहा, इसके अलावा श्रीलंका क्रिकेट इस कथित अपराध की जांच करने के लिए जरूरी कदम उठाएगा तथा ऑस्ट्रेलिया में अदालती मामले में उक्त खिलाड़ी के दोषी पाए जाने पर उसे दंडित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। एसएलसी ने कहा कि वह किसी खिलाड़ी के इस तरह के आचरण के मामले में शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाता है तथा वह इसघटना की निष्पक्ष जांच के लिए ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों की हर संभव मदद करेगा। बाएं हाथ का बल्लेबाज गुणतिलका पहले दौर में नामीबिया के खिलाफ खेला था और वह खाता खोले बिना आउट हो गया था। इसके बाद वह चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गया था। श्रीलंकाई टीम ने सुपर 12 चरण के लिये क्वालीफाई किया लेकिन ग्रुप एक में चौथे स्थान पर रही। स्थानीय मीडिया के अनुसार गुणतिलका और महिला ऑनलाइन डेटिंग ऐप के जरिए पिछले कई दिनों से एक दूसरे के संपर्क में थे।

चैंपियंस लीग: राउंड ऑफ-16 का शेड्यूल घोषित

लिवरपूल से भिड़ेगा गत वितेजा रियल मैड्रिड, पीएसजी और म्यूनिख में होगी भिड़ंत

सेंट डेनिस। यूईएफए चैंपियंस लीग 2022 का राउंड ऑफ-16 ड्रॉ का शेड्यूल सोमवार का घोषित हुआ। राउंड ऑफ-16 का सबसे रोमांचक मैच गत चैंपियन रियल मैड्रिड और लिवरपूल के बीच है। यह दोनों टीमें पिछले साल फाइनल मुकाबले में भिड़ी थीं। इस बार लिवरपूल की टीम मैड्रिड से पिछली हार का बदला लेना चाहेगी। इसके अलावा पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) और बायर्न म्यूनिख का मैच भी अहम होगा। बायर्न म्यनिख अपने ग्रुप के सभी छह मैच जीतकर राउंड ऑफ 16 के लिए क्वॉलीफाई करने वाली एकमात्र टीम थी। बोरुसिया डॉर्टमुंड और चेल्सी की भिड़ंत भी रोमांचक होगी। स्पेनिश दिग्गज एटलेटिको मैड्रिड यूरोपा लीग के लिए क्वॉलीफाई नहीं कर पाई। यह टीम अपने ग्रुप में शामिल चार टीमों में सबसे नीचे रही। अब लीग के ग्रुप स्टेज में शानदार प्रदर्शन करने वाली टीमें इस राउंड में क्वॉर्टर फाइनल के लिए भिड़ेंगी। जीतने वाली सभी टीमें क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचेंगी।



राउंड ऑफ-16 का शेड्यूल

- पीएसजी बनाम बायर्न म्यूनिख
- बोरुसिया डॉर्टमुंड बनाम चेल्सी
- फ्रैंकफर्ट बनाम नेपोलियन
- एसी मिलान बनाम टोटेनहम हॉटस्पर
- लिवरपूल बनाम रियल मैड्रिड
- क्लब ब्रुग बनाम बेनफिका
- आरबी लीपजिग बनाम मैनचेस्टर सिटी
- इंटर मिलान बनाम पोर्टो

सालाह के दो गोल से जीता लिवरपूल

लंदन। स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सालाह के दो गोल की बदौलत लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में टोटेनहैम को 2-1 से हराकर अंकतालिका में आठवें पायदान पर पहुंचा। वहीं टोटेनहैम लिवरपूल से सात अंक अधिक चौथे स्थान पर कायम हैं। सालाह ने 11वें और 40वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को मध्यांतर तक 2-0 से आगे कर दिया था।हैरी केन ने टोटेनहैम की तरफ से 70वें मिनट में गोल करके हार का अंतर कम किया। सालाह सभी प्रतियोगिताओं के पिछले आठ मैचों में नौ गोल दाग चुके हैं।

पीएसजी ने लोरिएंट को हराया

पेरिस। डिफेंडर डैनिलो परेरा के अंतिम क्षणों में दागे गए गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में लोरिएंट को 2-1 से हराकर अंकतालिका में अपनी मजबूत बढ़त कायम रखी। परेरा ने 81वें मिनट में नेमार की कॉर्नर किक पर हैडर से गोल किया। नेमार ने नौवें मिनट में पीएसजी के लिए पहला गोल किया था।

डिस्लिपिडेमिया कंट्रोल करेगी रंग-बिरंगी चीजें

शारीरिक और मानसिक तौर पर तंदरूस्त रहने के लिए सिर्फ हैल्दी डाइट लेना ही काफी नहीं है। ऐसा तभी हो सकता है जब आप अपनी डाइट में सभी रंग की फल व सब्जियां शामिल करें। इसके लिए सबसे आसान तरीका है इन्द्रधनुष के रंगों यानि रेनबो कलर फूड्स को अपनी सेहत की थाली में शामिल करना। साथ ही इन्द्रधनुष रंग के फूड्स डिस्प्लासिडीमिया में भी फायदेमंद होते हैं। आज अपने इस आर्टिकल में हम आपको डिस्लिपिडेमिया कंट्रोल करने के लिए अलग-अलग खाने की चीजों की अहमियत बताएंगे। डिस्लिपिडेमिया क्या है? डिस्लिपिडेमिया में लिपोप्रोटीन के मेटाबॉलिज्म पर असर पड़ता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स लेवल और लो-डेंसिटी लिपोप्रोटीन (कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन) बढ़ जाता है। साथ ही इसके कारण हाई-डेंसिटी लिपोप्रोटीन (उच्च घनत्व वाले लिपोप्रोटीन) का लेवल कम हो जाता है, जिससे दिल के ब्लड वेसल्स के संकरा होने का खतरा रहता है। इससे इस्केमिक हार्ट डिजीज (क्लऊ) के अलावा अन्य हार्ट प्रॉब्लम्स का खतरा रहता है।

डिस्लिपिडेमिया में लें कैसी डाइट: डिस्लिपिडेमिया को मैनेज करने के लिए सबसे जरूरी है हैल्दी लाइफस्टाइल और एंटीऑक्सीडेंट, मिनरल, विटामिन्स जैसे पोषक तत्वों से भरपूर डाइट लेना। इसके लिए सबसे अच्छा तरीका है इन्द्रधनुष चीजें खाना। डाइट में सैचुरेटेड व ट्रांस फैट और कोलेस्ट्रॉल फूड्स कम से कम लें।, घुलनशील फाइबर अधिक लें।, काबोर्हाइड्रेट से परहेज रखें।, डाइट में एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर चीजें शामिल करें।

डिस्प्लासिडेमिया और इन्द्रधनुष डाइट का कनैक्शन?: रंगीन फल और सब्जियों से सिर्फ सभी जरूरी पोषक तत्व ही नहीं मिलते बल्कि इससे मन संतुष्ट व साइकोलॉजिकल स्ट्रेस कम है। यही नहीं, पेड़-पोधों से मिलने वाली चीजों में फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी मौजूद होता है। जैसे जिन चीजों में लाइकोपीन होता है, वो लाल रंग की होती हैं। ऐसी डाइट में फाइबर ज्यादा और कैलोरी कम होती है। साथ ही इसमें मैक्रोन्यूट्रिएंट्स, माइक्रोन्यूट्रिएंट्स और ऊर्जा अधिक होती है इसलिए ये फूड्स कैलोरी बढ़ाए बिना डिस्लिपिडेमिया को कंट्रोल कर सकते हैं।

क्या है रेनबो डाइट?: डॉक्टर भी हमेशा हर कलर के फूड खाने की सलाह देते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि खाना और उसके रंग न्यूट्रिशन से जुड़ा है और हर कलर की अलग पौष्टिक वैल्यू होती है। वहीं रेनबो डाइट में सभी रंगों के फूड होते हैं, जिससे शरीर को पूरा पोषण मिलता है।

सेहत की थाली में शामिल करें इन्द्रधनुष फूड्स: खाने की रंग-बिरंगी चीजें आपको सिर्फ स्वस्थ रखने में ही मदद नहीं करती बल्कि इससे दिमाग पर भी काफी सकारात्मक असर पड़ता है। साथ ही इससे शरीर में सभी जरूरी पोषक तत्वों की पूर्ती भी हो जाती है। अलग-अलग रंग के फल और सब्जियों में बायोएक्टिव कम्पाउंड, विटामिन्स, मिनरल और दूसरे पोषक तत्व होते हैं, जो बीमारियों को आस-पास भी नहीं फटकने देते। यही नहीं, ऐसी डाइट डिस्प्लासिडीमिया के अलावा कोलेस्ट्रॉल, शुगर लेवल, ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने में मदद करती है।

वजन भी कंट्रोल में रखती है ऐसी डाइट: अध्ययनों के मुताबिक, फाइटोकेमिकल्स से भरपूर फल व सब्जियों का सेवन मोटापा, हाइपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखता है। सफेद और गहरे रंग नारंगी फल व सब्जियों से स्ट्रोक और कोरोनरी का खतरा कम होता है।

चलिए अब आपको बताते हैं खाने की ऐसी अलग-अलग चीजें, जो डिस्लिपीडेमिया में फायदेमंद हैं:

1. घुलनशील फाइबर से भरपूर सोया, जई और जौ कोलेस्ट्रॉल को कम करती हैं।
2. प्रोटीन से भरपूर सोयाबीन, बीन्स और दूसरे फलियों का सेवन भी डिस्लिपीडेमिया में फायदेमंद हैं।
3. अंगूर, कोको, दालचीनी व क्रैनबेरी में पॉलीफेनॉल्स और एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो कोलेस्ट्रॉल संश्लेषण को बाधित करने में मददगार है।
4. एंटी-इंफ्लेमेटरी व एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर करक्यूमिन भी हैल्दी लिपिड प्रोफाइल को बनाए रखने में मददगार होते हैं।
5. अपनी डाइट में लहसुन और प्याज भी अधिक शामिल करें। इनमें फाइटोकोनस्टिटुएंट्स होते हैं, जो बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करके गुड़ कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाते हैं। अगर आप भी कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल में रखना चाहते हैं तो अपनी डाइट में अलग-अलग तरह की रंगीन व सेहतमंद चीजों को शामिल करें और अपनी जिंदगी को अच्छे सेहत के रंगों से स्वस्थ बनाएं।

जानिए अलग-अलग खाने की अहमियत

फैशन डिजाइनर मालिनी रामानी ने फैशन की दुनिया को कहा अलविदा

डिजाइनर मालिनी रामानी का मानना है कि फैशन को कभी किसी एक कलाकार तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। कभी-कभार इंसान को किसी एक क्षेत्र में खुद को सीमित रखने के बजाय अन्य चीजों में भी हाथ आजमाने चाहिए और अपने सपनों को पूरा करना चाहिए। मालिनी ने इस बीच फैशन के व्यवसाय को अलविदा कहने का फैसला लिया है। इस इंडस्ट्री में वह लगभग दो दशक बिता चुकी हैं। आईएएनएस लाइफ से बात करते हुए उन्होंने बताया, ह्लमुझे कपड़े, जूते, कुशन, लैंपशेड्स डिजाइन करना बहुत पसंद है। मैं दिल से एक डिजाइनर हूं, लेकिन खुद को एक ही क्षेत्र तक सीमित नहीं रखना चाहती हूं।ह्व मालिनी का मानना है कि यह कुछ नया करने का एक सही वक्त है। उन्हें यह फैसला लिए अभी ज्यादा दिन भी नहीं हुआ है। महज तीन हफ्ते पहले ही उन्होंने अपने लिए यह निर्णय लिया है। अचानक से इस फैसले को लेने और दिल्ली व गोवा में अपने स्टोर्स को बंद करने के पीछे की वजह क्या है? फैशन से ब्रेक लेने का फैसला आखिर उन्होंने क्यों लिया? इस पर मालिनी ने कहा, इस पर मैं पिछले कुछ समय से विचार कर रही थी। उन्होंने आगे बताया, मैं किसी एक ही दिशा में आगे नहीं बढ़ना चाहती। एक ही शैली की फैशन डिजाइनर, जिसके लिए कुछ निश्चित निर्देशों का पालन करना जरूरी है। एक ही तरह से काम करना अब मुझे रास नहीं आ रहा था, लेकिन यह बात जरूर है कि मुझे परिधानों को डिजाइन करना अच्छा लगता है और यह हमेशा से मेरी पहली पसंद रही है। फैशन इंडस्ट्री पर महामारी के प्रभाव के विषय पर बात करते हुए उन्होंने कहा, दुनिया में अभी जिस तरह की स्थिति है, उसे देखते हुए यही कहा जा सकता है कि हम सभी पर खतरों के काले बादल मंडरा रहे हैं। यह किसी पार्टी के लिए चमकीले, स्टाइलिश परिधानों को डिजाइन का करने का वक्त नहीं है। मैं इसे इसी तरह से देखती हूं। वह आगे कहती हैं, फैशन इंडस्ट्री वर्तमान समय में बेहद बुरी तरीके से प्रभावित है। दुनिया के बड़े-बड़े लग्जरी ब्रांड भी इसकी चपेट में आए हैं। भारतीय डिजाइनर्स भी इससे अछूते नहीं रहे हैं। क्या हम मालिनी रामानी हाउस से आने वाले समय में एक नए ब्रांड की उम्मीद कर सकते हैं, इस पर उन्होंने कहा, मैं निश्चित तौर पर परिधानों की एक नई श्रेणी के साथ अपनी वापसी करूंगी, लेकिन इस वक्त मैं कुछ समय के लिए ब्रेक ले रही हूं। मैं पिछले बीस सालों से अपने टेलर्स, स्टाफ, बुनकर और कई सारे हित धारकों के साथ एक फ्रैक्ट्री और एक बिजनेस चला रही हूं। इस दौरान मैं पहली बार ब्रेक ले रही हूं।

स्पर्म काउंट बढ़ाने के लिए पुरूष अपना सकते हैं यह आसान उपाय

सुनने में आपको शायद अजीब लगे लेकिन एक्सरसाइज के जरिए भी आप अपने स्पर्म काउंट को बढ़ा सकते हैं। कई अध्ययनों से यह बात सामने आई है कि जब आप एक्सरसाइज करते हैं तो इससे वजन कम होता है और आपका स्पर्म काउंट बढ़ता है। किसी भी पुरूष की यह चाहत होती है कि वह पितृत्व का आनंद ले। लेकिन उसके पिता बनने का सुख सिर्फ स्त्री के हाथों में ही नहीं होता, बल्कि इसमें पुरूष की भी बराबर की भागीदारी होती है। अगर पुरूष का स्पर्म काउंट कम होता है तो इसका अर्थ है कि उनकी प्रजनन क्षमता कमजोर है। ऐसे में स्त्री के लिए गर्भधारण करना काफी कठिन होता है। अमूमन पुरूष अपनी इस समस्या को किसी के सामने व्यक्त नहीं करना चाहते, लेकिन अगर आप चाहें तो कुछ आसान उपायों को अपनाकर अपने स्पर्म काउंट को आसानी से बढ़ा सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इन उपायों के बारे में सुनने में आपको शायद अजीब लगे लेकिन एक्सरसाइज के जरिए भी आप अपने स्पर्म काउंट को बढ़ा सकते हैं। कई अध्ययनों से यह बात सामने आई है कि जब आप एक्सरसाइज करते हैं तो इससे वजन कम होता है और आपका स्पर्म काउंट बढ़ता है। 2017 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि हर दिन 50 मिनट के लिए 16 सप्ताह का एरोबिक व्यायाम, 45 मोटे और गतिहीन पुरुषों में शुक्राणु एकाग्रता और मात्रा में वृद्धि हुई है। व्यायाम के अलावा पर्याप्त नींद लेना भी आपके लिए उतना ही आवश्यक है।

शरीर में नॉर्मल रेंज से अधिक है यूरिक एसिड का लेवल तो कंट्रोल करने के लिए इन उपायों की जरूर लें मदद

यदि महिलाओं के शरीर में यूरिक एसिड का नॉर्मल स्तर 2.5 से 7.5 मिलीग्राम हो और पुरूषों में 4.0 से 8.5 मीलिग्राम हो, तो यह नॉर्मल रेंज है। लेकिन अगर यह बढ़ जाए तो कई अन्य स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या होने का खतरा बढ़ जाता है।

यूरिक एसिड कंट्रोल करने के लिए आसान उपाय: जब इम्युनिटी कमजोर होती है तो शरीर बीमारियों को चपेट में बहुत जल्दी आ जाता है। शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने का मुख्य कारण बैलेंस डाइट का अभाव है। जो लोग अपनी डाइट में प्रोटीन वाले फूड्स को अधिक मात्रा में शामिल करते हैं उनके शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने लगता है। इसके अलावा 35 साल की उम्र के लोग इस परेशानी से जल्दी घिर जाते हैं। यदि महिलाओं के शरीर में यूरिक एसिड का नॉर्मल स्तर 2.5 से 7.5 मिलीग्राम हो और पुरूषों में 4.0 से 8.5 मीलिग्राम हो, तो यह नॉर्मल रेंज है। लेकिन अगर यह बढ़ जाए तो कई अन्य स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में यदि शरीर में यूरिक एसिड बढ़ जाए तो इन उपायों को अपनाएं। हाई फाइबर फूडः फाइबर वाले फूड्स का सेवन करना यूरिक एसिड वाले मरीजों के लिए फायदेमंद होता है। इससे यूरिक एसिड के स्तर को अवशोषित करने और शरीर से उसे बाहर निकालने में मदद मिलती है। साबुत अनाज, सेब, संतरा और स्ट्रॉबेरी फाइबर से भरपूर हैं।

गाजर का जूसः रोजाना सुबह में अपनी डाइट में एक गिलास गाजर का रस शामिल करें और इसमें आप चुकंदर का रस और खीरे का रस भी मिला सकते हैं। यह ब्लड में अधिक यूरिक एसिड के इलाज के लिए एक प्रभावी उपाय है। इतना ही नहीं गाजर का जूस यूरिक एसिड के कारण होने वाले जोड़ों के दर्द को भी कम करता है।

प्याजः यूरिक एसिड को कंट्रोल में रखने और कम करने के लिए प्याज का सेवन करें। प्याज शरीर में प्रोटीन की मात्रा, मेटाबॉलिज्म को भी बढ़ाता है। जब शरीर में इन दोनों की मात्रा बढ़ जाती है तो यूरिक एसिड की मात्रा नियंत्रण में रहती है। **पानी पिएंः** शरीर से यूरिक एसिड की मात्रा को निकालने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। थोड़ी-थोड़ी देर पानी पीते रहें। दिन में 10-12 गिलास पानी का सेवन करें। यह शरीर में यूरिक एसिड के लेवल को कंट्रोल करता है।

खानपान की ये 5 आदतें करती हैं इम्युनिटी कमजोर, जानिये- इसे मजबूत रखने के आसान उपाय

कोरोना से संक्रमित मरीजों की संख्या में बहुत तेजी से इजाफा हो रहा है। ऐसे में कहा जा रहा है कि कोरोना के संक्रमण का खतरा कमजोर इम्युनिटी वालों को अधिक है। इसलिए हाई इम्युनिटी वाले फूड्स खाने की सलाह भी दी जा रही है। इसके अलावा आयुर्वेदिक उपचारों की मदद से भी इम्युनिटी को मजबूत किया जा सकता है। लेकिन कई लोग ऐसे हैं जो अपने खाने-पीने में कुछ गलतियां कर देते हैं जिसके कारण इम्युनिटी मजबूत होने के बजाय कमजोर हो रही है। तो यदि आप इस कोरोना महामारी से खुद को बचाए रखना चाहते हैं तो अपनी खाने-पीने की इन आदतों में कुछ बदलाव लाएं। आइये जानते हैं इम्युनिटी **मजबूत करने के आसान उपायः** झ अक्सर लोग पानी हमेशा खड़े होकर पीते हैं। ऐसा करना ना सिर्फ हमारे फेफड़ों और किडनी को कमजोर करता है, बल्कि इम्युनिटी को भी कमजोर कर देता है। इतना ही नहीं यदि आप खड़े होकर या जल्दबाजी में पानी पीते हैं तो गला सूखना और कमजोरी जैसी समस्या महसूस हो सकती है। ऐसे में पानी हमेशा बैठकर पीना चाहिए।

कई लोगों को चाय और कॉफी पीना बेहतर पसंद होता है, लेकिन उसमें मौजूद कैफीन हमारी नींद को प्रभावित करती है, साथ ही इम्युनिटी को भी कमजोरी करती है। इसके अलावा कैफीन से हमारा पाचन भी कमजोर होता है। चाय और कॉफी के बजाय आप हेल्दी ड्रिंक्स या सूप का सेवन कर सकते हैं जैसे- ताजे फलों का जूस, पालक का सूप, टमाटर का सूप इत्यादि। कई लोग ऐसे होते हैं जिन्हें हरी सब्जियां खाना पसंद नहीं होता। लेकिन ऐसा करना ना सिर्फ इम्युनिटी कमजोर करता है बल्कि और भी कई स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या को बढ़ाता है। इसलिए रोजाना अपनी डाइट में हरी सब्जियां शामिल करें। यह शरीर को इंफेक्शन से भी बचाने में मदद करता है। आजकल लोगों को जंक फूड्स और तैलीय खाना अधिक पसंद आता है। लेकिन इन चीजों को खाने से ना सिर्फ पाचन कमजोर होता है बल्कि इम्युनिटी भी कमजोर हो जाती है। इसके अलावा इससे इंफेक्शन होने का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में अपनी डाइट से इन चीजों को बिल्कुल खत्म कर दें।

बोल्ड ड्रेसेस ही नहीं फुटवियर कलेक्शन के लिए भी मशहूर है प्रियंका चोपड़ा

बॉलीवुड के बाद हॉलीवुड में बेहतरीन अदाकारी से अपनी पहचान बना चुकी एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपने फैशन को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। उनका ड्रेसिंग सेंस तो लड़कियों को प्रभावित करता ही है साथ ही उनके फुटवियर भी काफी पसंद किए जाते हैं। प्रियंका किसी भी ड्रेस के साथ बड़े ही स्टाइलिश अंदाज से फुटवियर को मैच करती हैं। उनके वॉडरोब में कई डिजाइन्स और अलग-अलग रंगों के शूज के कलेक्शन मिल जाएंगे। तो चलिए आपको प्रियंका के खास फुटवियर कलेक्शन दिखाते हैं जो लड़कियों को बेहद पसंद आएंगे।

ऑयली खाने के तुरंत बाद करेंगे ये काम तो बॉडी में जमा नहीं होगी फैट



बारिश में के मौसम में लोग खासतौर पर समौसे, कचौड़ी, पकौड़े आदि चीजों को खाने का मजा लेते है। मगर ऐसे खाने से वजन बढ़ने के साथ स्वास्थ्य से जुड़ी कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में बहुत से लोग अपनी इन फेवरेट चीजों को खाने से परहेज रखते है। मगर आज हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताते है जिनका ऑयली फूड खाने के बाद सेवन करने से आपका शरीर स्वस्थ रहने के साथ वजन भी कंट्रोल में रखने की मदद मिलेगी। तो चलिए जानते है उन चीजों के बारे में...

गुनगुना पानी का करें सेवनः अक्सर लोग ऑयली चीजों को खाने के बाद चाय व कॉफी पीना पसंद करते है। इसे पीने से पाचन तंत्र खराब होता है। साथ ही वजन बढ़ने की परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इनसे बचने के लिए चाय या कॉफी की जगह 10-15 मिनट के बाद 1 गिलास गुनगुने पानी का सेवन करना चाहिए। इससे पाचन तंत्र सही तरीके से काम करने के साथ शरीर में जमा एक्सट्रा चर्बी को कम करने में मदद करता है। साथ ही शरीर अच्छे से हाइड्रेट होता है। ऐसे में पेट से जुड़ी समस्याओं से भी राहत मिलती है।

पानी में नींबू मिलाकर पीएंः शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एक डिटॉक्स ड्रिंक बना कर पी सकते है। इसके लिए आप 1 गिलास ताजे या गुनगुने पानी में कुछ बूंदे नींबू के रस की मिलाकर पी सकते है। यह आपकी शरीर में मौजूद वसा और तेल को कम करने में फायदेमंद होता है। ऐसे में शरीर में जमा विषैले पदार्थ बाहर निकलने से वजन कम होने में मदद मिलेगी।

फल और सब्जियांः पेट को स्वस्थ रखने के लिए ताजे फल और सब्जियों का सेवन करना चाहिए। तला-भूना भोजन करने के बाद थोड़े से फल या सब्जियों का जरूर सेवन करें। इससे पेट से जुड़ी समस्याओं के होने का खतरा कई गुणा कम हो जाता है। इसमें मौजूद विटामिन, आयरन, कैल्शियम, एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल गुण शरीर को नुकसान होने से बचाते है। साथ ही ऑयली खाने के बाद वजन बढ़ने की परेशानी को कम करते है। प्रोबायोटिक्स वह बैक्टीरिया होते है स्वस्थ के लिए काफी फायदेमंद होते है। यह खाना पचाने के साथ शरीर का वजन नियंत्रण में रखने में मदद करता है। ऐसे में खुद को स्वस्थ रखने के लिए ऑयली फूड को खाने के कुछ देर बाद प्रोबायोटिक्स फूड जैसे कि- दही, सौरक्राउट, केफिर, डार्क चॉकलेट आदि चीजें खानी चाहिए।

फैट कम करने के लिए करें यह आसान एक्सरसाइज



फैट बर्निंग के लिए बर्पी एक्सरसाइज सबसे बेस्ट है। अगर आपका थोड़ा स्टेमिना है तो आप यह एक्सरसाइज कर सकते हैं। इससे आपके शरीर के हर अंग का व्यायाम हो जाता है। बर्पी एक्सरसाइज करने के लिए पहले सीधे खड़े होकर दोनों पैरों को बराबर दूरी पर और हाथों को नीचे की ओर सीधा रखें। आज के समय में लगभग हर घर में लोग अपने बढ़ते वजन के कारण परेशान रहते हैं। आवश्यकता से अधिक वजन कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है। यूं तो लोग वजन कम करने के लिए तरह-तरह के नुस्खे अपनाते हैं। कई तरह की दवाइयों का सेवन करते हैं या फिर घरेलू उपाय करते हैं, लेकिन फिर भी उन्हें कुछ खास फायदा नहीं होता। फैट कम करने और बॉडी को शेप में लाने के लिए एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी होता है। वैसे तो कोई भी एक्सरसाइज करने से आपका स्टेमिना बढ़ता है, लेकिन अगर आप फैट बर्न करना चाहते हैं तो ऐसे में आपको कुछ खास एक्सरसाइज करनी चाहिए। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में-

फारवर्ड लंजेसः फिटनेस एक्सपर्ट बताते हैं कि लंजेस बॉडी फैट को कम करने के साथ-साथ शरीर के निचले हिस्से को मजबूत बनाता है। इसके लिए बाएं पैर को आगे की तरफ रखें और दाएं पैर को उसी जगह रखते हुए घुटने को जमीन पर रखें। इस तरह आप फारवर्ड लंजेस कर सकते हैं। अगर आप नियमित रूप से इसका अभ्यास करते हैं तो फैट बर्न होने के साथ-साथ बॉडी पॉश्चर भी बेहतर होता है।

बर्पी एक्सरसाइजः फैट बर्निंग के लिए बर्पी एक्सरसाइज सबसे बेस्ट है। अगर आपका थोड़ा स्टेमिना है तो आप यह एक्सरसाइज कर सकते हैं। फिटनेस एक्सपर्ट की मानें तो इससे आपके शरीर के हर अंग का व्यायाम हो जाता है। बर्पी एक्सरसाइज करने के लिए पहले सीधे खड़े होकर दोनों पैरों को बराबर दूरी पर और हाथों को नीचे की ओर सीधा रखें। नीचे बैठें और दोनों हाथों को स्क्वेटिंग पोजिशन में फर्श पर रखें। दोनों हाथों पर वजन डालते हुए दोनों पैरों को जमीन से उछालें और पीछे की ओर सीधा करें। अब पुशअप करने के लिए छाती को नीचे करें। फिर ऊपर लाएं। दोनों पैरों को उछालते हुए सामान्य स्थिति में आएं। फिर ऊपर की ओर उछलते हुए सीधे खड़े हो जाएं। दोनों हाथों को ऊपर की ओर सीधा करके पैरों के साथ हवा में कूदें और प्रारंभिक स्थिति में आएं।

फिटनेस एक्सपर्ट कहते हैं कि अगर आप एक बिगनर हैं और आपने कभी कोई एक्सरसाइज नहीं की है तो शुरूआत में आपके लिए वॉक करना ही बेस्ट वेट लॉस एक्सरसाइज है। इससे धीरे-धीरे आपका स्टेमिना बिल्डअप होता है। आप सिर्फ अलग से ही वॉकिंग ना करें, बल्कि अपनी डेली रूटीन में भी अधिक से अधिक वॉक करने की कोशिश करें। मसलन, आप सब्जी लेने जाएं तो स्कूटी की जगह पैदल ही जाएं। इसी तरह, आप लिफ्ट की जगह सीढ़ियों को यूज करें।

सिर्फ इस 1 चीज को खाने से मिलेंगे 8 बेहतरीन फायदे

किसी को पेट से जुड़ी कोई शिकायत होने पर सौंफ खाने की सलाह दी जाती है। इसमें कैल्शियम, फाइबर, विटामिन, मैग्नेशियम, एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते है। यह पाचन तंत्र को मजबूत कर पेट से जुड़ी समस्याओं से राहत दिलाने का काम करती है। मगर इसमें मौजूद पौषक तत्व पेट को स्वस्थ रखने के साथ स्मरण शक्ति बढ़ने और शरीर से जुड़ी कई सम्सयाओं को दूर करने में भी मदद करते है। तो चलिए जानते है इसके सेवन से मिलने वाले अन्य फायदों के बारे में दिमाग को तेज करने के लिए रोजाना सौंफ का सेवन करना काफी फायदेमंद होता है। इसके लिए बादाम, मिश्री और सौंफ को बराबर मात्रा में लेकर मिक्सी में पीस लें। फिर तैयार पाउडर को रोजाना दोपहर और रात को भोजन के बाद खाए। इससे स्मरण शक्ति बढ़ने में मदद मिलती है।

पीरियड पेन से दिलाएं राहतः अक्सर महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान असहनीय दर्द होता है। ऐसे में थोड़ी सी सौंफ खाना काफी फायदेमंद होता है। इसके अलावा इसे पानी में उबालकर पीने से पीरियड पेन से आराम मिलता है। काम के प्रेशर या घर की जिम्मेदारियों को लेकर बहुत से लोगों को चिंता के कारण नींद आने की परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। ऐसे में मैग्नेशियम से भरपूर सौंफ का सेवन करने से अच्छी नींद आने में मदद मिलती है। नियमित रूप से पानी में थोड़ी सी सौंफ मिलाकर पीने से पाचन तंत्र बेहतर ढंग से काम करता है। ऐसे में पेट में दर्द, एसिडिटी, सूजन, कब्ज आदि परेशानियों से राहत मिलती है। सौंफ और मिश्री को बराबर मात्रा में पीस कर तैयार पाउडर का 1 चम्मच दूध में मिलाकर या सीधा ही सेवन करने से आंखों की रोशनी बढ़ती है। साथ ही इससे जुड़ी बीमारियों के होने का खतरा कई गणा कम रहता है।

पंचायत भवन में सचिवालय न चलाकर निजी कमरे में चलाने पर ग्राम विकास अधिकारी बरकछा कला निलंबित

सहायक विकास अधिकारी (पं0) विकास खण्ड सीटी को कारण बताओ नोटिस

प्रखर मिजार्पुर। ग्राम पंचायत बरकछा कला में ग्राम विकास अधिकारी द्वारा निजी परिसर में पंचायत सचिवालय का संचालन किये जाने प्रकरण संज्ञान में आने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उनको निलम्बित कर दिया गया। इस प्रकारण को गम्भीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को कड़े निर्देश दिये गये कि शासन की मंशा के अनुरूप समस्त पंचायत भवनों में पंचायत सचिवालय का संचालन संदिग्ध प्रतीत होता है। सहायक विकास अधिकारी (पं0) सीटी, जिनके क्षेत्र में यह प्रकरण संज्ञान में आया है, उनको ह्यकारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करें। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पर्यवेक्षण एवं स्थलीय सत्यापन

में कमी होने के कारण ही शहर से सटे हुए विकास खण्ड में भी इस जैसी लापरवाह स्थिति उत्पन्न हुयी । नियमित रूप से क्षेत्र में भ्रमण कर पंचायत सहायक की उपस्थिति, पंचायत सचिवालय का संचालन चिन्हित सरकारी परिसर या पंचायत भवन में कराना, गेट-वे के माध्यम से भुगतान करना इतिआदि महत्वपूर्ण प्रक्रिया सुनिश्चित कराना सहायक विकास अधिकारी (पं0) के प्राथमिकता वाले दायित्व हैं परन्तु सहायक विकास अधिकारी (पं0) अथवा स्वयं जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा पंचायत भवन का निरीक्षण कर बहुत ही कम आख्या प्रस्तुत किया जा रहा है। यह स्थिति संतोषजनक नहीं है। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं0) को एक माह के अन्दर शत-प्रतिशत पंचायत भवनों का निरीक्षण कर उपर्युक्त बिन्दुओं पर सत्यापन आख्या प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करें। रैण्डम आधार पर स्वंय जिला पंचायत राज अधिकारी और अपर जिला पंचायत राज अधिकारी भी सभी विकास खण्डों के 01-01 पंचायत भवनों का निरीक्षण कर आख्या दें। निरीक्षण के दौरान शासनादेश के विपरीत कोई भी कमी पायी जाये तो सम्बन्धित सचिव ग्राम पंचायत और पंचायत सहायक के विरूद्ध कठोर कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। इस प्रक्रिया में ग्राम प्रधान की भूमिका का परीक्षण भी अवश्य करें। समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं0) द्वारा किये गये निरीक्षणों की समीक्षा आगामी विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक में की जायेगी। अतः उक्त आदेश को गम्भीरता से लेते हुये समयबद्ध तरीके से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

भीम आर्मी व ए.एस.पी. के कार्यकर्ताओ ने निकाला कैंडल मार्च

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत के मनियरा मोड से भीम आर्मी मंडल सह संयोजक रत्नेश कुमार के नेतृत्व में मंगलवार की देर शाम भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के कार्यकर्ताओ में कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च मनियरा चौराहे से शुरू होकर कोतवाली, कस्बा, नरहन बाजार व सरायबीरू चौराहे से होते हुए कोतवाली चौराहा पर बने अशोक स्तंभ पर कैंडल जलाकर गहलोत सरकार मुदार्बाद के नारों के साथ कैंडल मार्च का समापन किया गया। मीडिया से बात करते हुए रत्नेश कुमार ने बताया कि बड़े भाई चंद्रशेखर आजाद के आव्हान पर प्रदेश भर कैंडल मार्च निकाला जा रहा है ताकि गहतोल सरकार की आंखे खुल सके और अपने नीतियों पर काम करते हुए भाई के हत्यारों को सजा दिलाने का काम करे अगर भाई को जल्द से जल्द न्याय नहीं मिला तो हम सभी लोगो को दूसरा रुख अख्तियार करना पड़ेगा क्योंकि राजस्थान में आये दिन दलित समाज पर अत्याचार हो रहे हैं, जिस दिन हमारी सरकार होगी उस दिन गुंडे माफिया जेल की सलाखों के अंदर होंगे।

संक्षिप्त खबरें

देवालाय में मनाया गया देव दीपावली

प्रखर कछवाँरोड वाराणसी। मिजार्मुराद बाजार में दिनांक 07/11/2022 को मिजार्मुराद "रामजानकी" कुटिया पर देव दीपावली के पावन अवसर पर हनुमान जी का श्रृंगार एवं कुटिया प्रांगण में भव्य दिप प्रज्वलन व्यवसायी बन्धुओं के सहयोग से 2100 दिप प्रज्वलन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से R.S.S. के जिला सेवा प्रमुख मुकेश गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष भाजपा सुरेन्द्र कुमार बिन्द, थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह एवं सभी स्टाप बन्धुओं के साथ रहे और अजय कुमार गुप्ता, हरिहरानन्द, अजय कुमार बिन्द, बबलू गुप्ता, राजेश गुप्ता, जितेन्द्र राजभर, सुभाष चंद बिन्द, अमित सेठ, दिनेश राजभर, हेमन्त राजभर,गोविन्द बिन्द आदि सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

गौस पाक का मनाया गया जश्ने ईद उल नबी

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर ग्राम सभा बनकट गांव में गौस पाक के याद में मनाया गया ग्यारहवीं शरीफ व जश्न ए मिलाद उल नबी जिसमें तमाम औलीया एकराम मौजूद रहे मौलाना हाजी नासिर,मौलाना अखलाक, मौलाना ज्ञान पूरी, मौलाना जावेद रीठी, मौलाना रफीक हाशमी बनकर, आदि तमाम मौलाना नेम गौस पाक रजि अल्लाह ताला अनोहो की याद में जिक्र की और लंगर खाना का भी इंतजाम किया गया था सुबह कुरान खानी कराया गया लोगों को बताया कि गौस पाक ने अपने जीवन में लोगों के प्रति क्या किया थे वहीं पर तमाम ओरिया एक राम के भी बारे में जिक्र किया गया निवास स्थान हफीजुल्ला वारसी घर पर यह प्रोग्राम कराया गया प्रोग्राम में गांव के सभी मानिंद लोग भी शामिल रहे वहीं पर क्षेत्र की पत्रकार बंधु राजेश चौबे अजय चौबे हवलदार सिंह शाहिद आलम नीरज गुप्ता वीरेंद्र उपाध्याय योगेश यादव प्रवीण चौबे सतेन्द्र उपाध्याय, राहुल सेठ,आदि लोग मौजूद रहे।

चित्रांशी महिला संगठन वाराणसी का स्थापना दिवस कैंटोंमेंट होटल मैजिक लीफ में मनाया गया

प्रखर वाराणसी। जिसमें देव दीपावली की पूर्व संध्या पर महिलाओं के द्वारा दीपोत्सव का कार्यक्रम संपन्न किया गया एवं संगठन का शपथ ग्रहण समारोह भी हुआ संगठन का मुख्य उद्देश्य कायस्थ महिलाओं का उत्थान एवं गरीब महिलाओं को शिक्षित करना है कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाज सेविका डॉ कुमुद रंजन जी ने चित्रांशी महिला संस्था की संस्थापिकाओ अध्यक्ष वर्षा जी .उपाध्यक्ष शशि जी सचिव रंजना जी उपसचिव सीमा जी कोषाध्यक्ष वंदना जी का दायित्व ग्रहण कराया और हमारी विशिष्ट अतिथि डॉ आभा सक्सेना जी ने चित्रांशी सदस्यों का शपथ ग्रहण कराया। मंच संचालन शालिनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम रीति जी के संयोजन में हुआ जिसमे सभी चित्रांशियों ने गेम. नृत्य. और गानों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया 50 की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही और सभी सदस्याओं ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।

नीट में सफल होने पर किया गया सम्मानित

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के गोमती पब्लिक स्कूल छितौना में सोमवार को नीट में सफलता हासिल करने वाले पूर्व छात्र संकेत सरोज को सम्मानित किया गया। संस्था के प्रिंसिपल श्रीराम यादव ने छात्र को पुरस्कृत करने के साथ बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि वर्षों के मेहनत के बाद यह दिन आया है। उन्होंने छात्र को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सम्मानित किये गये छात्र ने एनईईटी में क्वालिफाई कर सरकारी मेडिकल कॉलेज में अपना दाखिला सुनिश्चित कर लिया है। प्रिंसिपल ने छात्र को माला पहनाने के बाद प्रशस्ति पत्र व स्मृति दिया। इस मौके पर जानकी पाल, अन्नपूर्णा सिंह, रोहित शुक्ला, कैलाश यादव, राधिका, अंजना दूबे, राजेश तिवारी, फरजाना आदि रहे।

अब मिलेगा 5 केजी का एफटीएल सिलेंडर राशन कोटेदार दुकानों पर भी : के. एम. ठाकुर

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। उत्तर प्रदेश शासनादेश के अनुसार इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा बनारस जनपद के हर राशन कोटेदार की दुकानों पर कंपनी द्वारा 5 केजी का एफटीएल सिलेंडर रखा गया है उस कड़ी में मंगलवार को श्री हनुमान गैस सेवा द्वारा टाईएफ हुए सुधाकर रोड खजूरी में रीना गुप्ता राशन कोटेदार की दुकान का उद्घाटन एक्सक्यूटिव डायरेक्टर संजीव कक्कड़ , लखनऊ एलपीजी जीएम के. एम. ठाकुर सर व सप्लाई स्पेक्टर नम्रता ने संयुक्त रूप से किया` उक्त अवसर पर राशन की दुकान पर लेने वाले ग्राहकों को संजीव कक्कड़ ने 5 केजी एफटीएल के बारे में विस्तृत जानकारी दिया और बताया की इस सिलेंडर का उपयोग ठेला खोमचा

हॉस्टल में रहने वाले छात्र किराएदार इत्यादि लोग केवल आधार कार्ड देकर प्राप्त कर सकते एलपीजी जीएम के. एम. ठाकुर सर ने कोटेदार की दुकान से लगभग आधा दर्जन ग्राहकों को अपने हाथों से कनेक्शन दिया आए हुए अतिथियों का स्वागत मनीष चौबे ने किया` उक्त कड़ी में मंगलवार को हर्ष गैस, भाग्यश्री गैस, श्री इंडेन गैस, वी आर के गैस द्वारा भी जगह-जगह कैंप लगाया गया` उक्त अवसर पर इंडियन आयल से विकास सहदेव , पीयूष सिंह , स्वप्निल गर्ग, हिमांशु द्विवेदी, दिनेश तिवारी, राकेश गुप्ता, बृजेश मौर्या, विवेक सिंह, ध्रुव नारायण दुबे, कन्हैया गुप्ता, रोहित दुबे, कपिलदेव प्रसाद इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

हजारों दीयों से जगमगाया शास्त्री घाट लोक चेतना संस्था ने शहीदों के नाम जलाए 2 हजार दीप

प्रखर वाराणसी। देव दीपावली के अवसर पर लोक चेतना संस्था द्वारा शहीदों के नाम वरूणा नदी के तट पर स्थित लालबहादुर शास्त्री घाट पर 2 हजार दीप जलाए गए। दीए जलने से पूरा घाट जगमगा उठा। यह नजारा देखते ही बन रहा था। यह आयोजन वरूणा आरती की ओर से किया गया था। सायं 5 बजे से ही लोक चेतना संस्था के पदाधिकारियों ने मिलकर एक-एक कर पूरे घाट पर दीए रखे और इसके बाद उन्हें जलाया। उनकी रौशनी से पूरा शास्त्री घाट जगमगा उठा। इस मौके पर सभी पदाधिकारियों ने मांस मदिरा मुक्त काशी के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।बता दें कि लोक चेतना संस्था के अध्यक्ष केके उपाध्याय ने कहा कि ऐसी मान्यता है कि देव दीपावली के अवसर पर भगवान धरती पर आते हैं,इसीलिए हम लोगों ने शहीदों के नाम से वरूणा आरती की तरफ से अपने पदाधिकारियों के साथ मिलकर दो हजार दीप से पूरे घाट को सजा दिया। इसके

साथ सभी ने काशी को मांस मदिरा मुक्त करने के लिए अपने अराध्य देव से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि वाराणसी देश की धार्मिक राजधानी है, ऐसे में यहां पर मांस मदिरा को पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा देना चाहिए। श्री उपाध्याय ने कहा कि आने वाले समय में इसको लेकर हम लोग बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे है इसके साथ ही वाराणसी के सांसद एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को डीएम वाराणसी के जरिए पत्र भेजकर हम काशी को मांस मदिरा मुक्त की मांग करेंगे। शिव की नगरी काशी को हम सबको मिल मांस मदिरा मुक्त बनाना है। इस अवसर पर के.के उपाध्याय लोक चेतना अध्यक्ष, निशान्त बरनवाल प्रदेश संगठन मंत्री,कृष्णा सिंह मीडिया प्रभारी,कैलाश सिंह,राजू चौहान, आशुतोष पाण्डेय, भानुप्रताप राय, बृजेश श्रीवास्तव, राहुल अवस्थी, शैलेश श्रीवास्तव, सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय (एडवोकेट), आनन्द दीक्षित, मोनू गिरी आदि लोग उपस्थित रहे।

चोलापुर के दुमितवाँ गांव में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया देव दीपावली

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर ब्लाक के ग्रामसभा हाजीपुर के दुमितवाँ गांव में माँ ब्रम्हचारिणी देवी (बड़की मईया) व दुर्गा माता मंदिर में दीपोत्सव की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। युवाओं में देव दीपावली के लिए काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह से ही हाथों में झाड़ू लेकर युवकों की टोली सफाई अभियान में जुटी रही। देव दीपावली पर बड़की मईया व दुर्गा मईया के मंदिर रोशनी से जगमग होंगे।देव दीपावली पर चोलापुर ब्लाक में माता रानी का मंदिर हजारों दीपों से सजाई गई। इसमें दुमितवाँ गांव स्थित शंकर भगवान के मंदिर पर भी युवाओं ने देव दीपावली पर भव्य रूप से पूरे गांव को सजाया है।देव दीपावली के इस मौके पर बड़की मईया के पुजारी रामजीत राय,समाजसेवी स्वामीनाथ राय, समाजसेवी नीरज शर्मा डिम्पल, गणेश शर्मा,श्यामलाल राय, समाजसेवी आनंद राय,पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अभिषेक राय, आशीष राय, विकास सिंह,आयुष राय मनीष, मिठाई सिंह,चंदा सिंह, बबलु सिंह, आशीष यादव, सुधाकर यादव तमाम गांव के युवा देव दीपावली को बड़े ही धूमधाम से मनाए।

कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई, बाल बाल बचे

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। क्षेत्र अंतर्गत वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित चित्र विश्राम तिराहे पर सोनभद्र से वाराणसी की तरफ जा रहा कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर बीच सड़क पर पलट गई यह तो संयोग अच्छा रहा कि आसपास ढाबे पर खाना खा कर आराम कर ले लोग एवं ढाबे पर काम करने वाले कर्मचारियों की मदद से कार को सीधा कर सड़क किनारे लगाया गया कार चला रहे प्रमोद जयसवाल पुत्र प्रेमचंद जयसवाल निवासी सिंगरौली मध्यप्रदेश को कार से बाहर निकाला उसे हल्की चोट आई। कार डिवाइडर से टकरा जाने के कारण उसका एक चटाया बलास्ट कर गया था। कार क्षतिग्रस्त हो गया था।

संस्थागत और गुणात्मक प्रसव के लिए प्रशिक्षित किए जा रहे स्वास्थ्य कर्मी

प्रखर कुशीनगर। संस्थागत और गुणात्मक प्रसव के लिए दक्षता बढ़ाने के संबंध में एएनएम, स्टॉफ नर्स तथा आयुष महिला चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। जिला संयुक्त चिकित्सालय सभागार में चल रहे स्किल्ड बर्थ एटेंडेंट (एसबीए) के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.रक्षा रानी ने प्रसव के पहले तथा प्रसव के बाद उत्पन्न होने वाली जटिलताओं के बारे में विस्तार से बताया। जटिलता दूर करने का टिप्स भी दिया। संक्रमण से बचाव के बारे में भी जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए जिला संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एसके वर्मा ने कहा कि जिला संयुक्त चिकित्सालय के अलावा अन्य प्रसव इकाईयों पर तैनात एएनएम, एलएचवी, स्टॉफ नर्स तथा आयुष महिला चिकित्सक के ज्ञान एवं कौशल क्षमता में वृद्धि करना प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है ताकि उनके द्वारा गुणात्मक प्रसव सेवाएं प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थियों को प्रसव पूर्व, प्रसव के दौरान तथा प्रसवोपरांत प्रसव प्रक्रिया को

सुरक्षित बनाने तथा प्रसव के दौरान किसी भी जटिलता की स्थिति में आकस्मिक चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था तथा आवश्यकता के अनुसार उच्च सुविधा वाले अस्पताल पर संदर्भन के बारे में भी प्रशिक्षित करना है। मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला परामर्शदाता डॉ.रितेश तिवारी ने बताया कि यह प्रशिक्षण 21 दिन का होगा। जिसमें पांच दिन सैद्धांतिक तथा 16 दिन प्रसव इकाईयों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण होगा। पांच दिवसीय प्रशिक्षण जिला संयुक्त चिकित्सालय में देने के बाद 16 दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर दिया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों को नवजात शिशु की आवश्यक देखभाल सुनिश्चित करने और नवजात को पुनर्जीवित करने के बारे में ज्ञान व क्षमता में वृद्धि करने के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में इनफेक्शन प्रिवेंशन की रोकथाम के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर प्रशिक्षक बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.सतीश और पूजा द्वारा भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में यूपीटीएसयू द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

काशीराज डॉक्टर विभूतिनारायण सिंह की 96 वीं जयंती के अवसर पर संस्कृति दिवस समारोह' के रूप में आयोजित

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। काशीराज डॉक्टर विभूतिनारायण सिंह की 96 वीं जयंती के अवसर पर शहर में विभिन्न कार्यक्रम 'संस्कृति दिवस समारोह' के रूप में आयोजित किए गए ` जयंती महोत्सव की शुरूआत पंचगंगा घाट स्थित पंचगंगा माता के भव्य श्रृंगार, आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। प्रातः पंचगंगा माता के महंत श्री मुन्ना गुरु एवं मयंक पांडे ने माता का श्रृंगार करने के पश्चात पूजन, आरती व प्रसाद वितरण किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक चक्रवर्ती विजय नावड़ उपस्थित थे। तत्पश्चात वनिता पब्लिक स्कूल में 'गीता ज्ञान प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम- नमन नागर, द्वितीय- अनुराग चौबे, तृतीय- वृत्तांत चतुर्वेदी, चतुर्थ- ऐश्वर्या यादव व पंचम- अथर्व धर्माधिकारी रहे विशेष पुरस्कार हर्षित

जायसवाल व शौर्य अग्रवाल को दिया गया। गीता ज्ञान प्रतियोगिता के संयोजन में वनिता पब्लिक स्कूल की शिक्षिका प्रीति श्रीवास्तव , प्रतिभा जायसवाल, मनीषा माहेश्वरी, मनीषा धर्माधिकारी , प्रज्ञा वर्मा, अंजलि नागर आदि का सक्रिय योगदान रहा ` अपराहन अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित 'मुख्य जयंती महोत्सव' के कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाराज कुमारी विष्णुप्रिया, महाराज कुमारी हरप्रिया एवं महाराज कुमारी कृष्णप्रिया ने काशीराज डॉक्टर विभूति नारायण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सुप्रसिद्ध वैदिक विद्वान चंद्रशेखर घनपाठी ने वैदिक मंगलाचरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजक चक्रवर्ती विजय नावड़ ने काशी की सांस्कृतिक परंपरा में काशीराज डॉक्टर विभूति नारायण सिंह जी के योगदान के विषय में प्रकाश डाला कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ जितेंद्र नाथ मिश्र ने महाराज जी के जीवन प्रसंगों को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाली काशी की विशिष्ट विभूतियों को काशीराज डॉक्टर विभूति नारायण सिंह अलंकरण से सम्मानित किया गया जिनमें प्रमुख रूप से सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ जितेंद्र नाथ मिश्र, सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर ए.के. कौशिक, सुप्रसिद्ध उद्योगपति श्री आर.के.चौधरी, डॉ. एम.के. गुप्ता, सुप्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. रेणुका नागर, समाजसेविका डॉ. ऋतु गर्ग, सुप्रसिद्ध वैदिक विद्वान चंद्रशेखर द्रविड़, समाजसेवी मुकुल पांडे ,समाजसेवी अम्बरीष सिंह भोला, समाजसेवी राजेश जैन आदि को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया छायाचित्र प्रतियोगिता में सुप्रसिद्ध छायाकार चंदू अग्रवाल और अतुल केसरी को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

बाबा श्री मार्कण्डेय महादेव जी का 80वाँ वार्षिक श्रृंगार, भव्य भंडारा का हुआ आयोजन

प्रखर दानगंज वाराणसी। विशाल भण्डारा बाबा मार्कण्डेय महादेव जी मंदिर धाम कैथी वाराणसी में 6 नवंबर को 80 वां वार्षिक श्रृंगार महोत्सव व भव्य भंडारे का हुआ आयोजन के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रैन-बसेरे में लंगर विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। जो कि सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलया गया जिसकी व्यवस्था पुजारी मंगरू महाराज, नितेश गोस्वामी बजरंग सेवा समिति अध्यक्ष बाजारंगी गिरि, श्रवण गिरि,बबलू गिरि,उमेश गिरि, श्यामनारायण गिरि (श्यामू गिरि), सिंह,पप्पू गिरि व कैथी के समस्त गोस्वामी समाज द्वारा बाबा मार्कण्डेय महादेव का वार्षिक श्रृंगार व विशाल भंडारे का आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि हथिया राम सिद्ध पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी भवानी नन्दन यति को आना था लेकिन हरित

परिक्रमा के कारण उनकी उपस्थिति नही हो पाई, उनके अनुपस्थिति में मोहानी बाबा सिद्ध पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी,जंगीपुर विधान सभा के विधायक बीरेंद्र यादव व हथिया राम डिग्री कालेज के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं